VIDYA
UNIVERSITY PRESS

# Smart English

Class 3

## Teacher's Resource Book

## 1. One Thing At A Time (एक समय में एक काम)

### हिन्दी अनुवाद

[*जीवन में सफलता का रहस्य है—एक समय में एक काम। यह सिद्धान्त कार्य में सुन्दरता और पूर्णता लाने के साथ-साथ हमें शान्ति और प्रसन्नता, सम्मान और संतोष प्रदान करता है।*]

कवि कहता है कि हमें हर काम के लिए समय निश्चित कर लेना चाहिए। यदि खेल का समय है तो हमें खेलना चाहिए। यदि कार्य का समय है तो हमें कार्य करना चाहिए। यही एक तरीका है जिससे हम प्रसन्न रह सकते हैं।

जो कुछ हम करें, जिस कार्य में हम जुट जायें, उसे पूर्ण लगन, समर्पण और शक्ति से करना चाहिए। आधे-अधूरे मन से किए गए कार्य, कभी भी सही नहीं होते। कोई कार्य अधूरा नहीं छोड़ना चाहिए। हमें प्रत्येक कार्य पूर्ण रूप से करना चाहिए।

हमें एक समय में केवल एक ही कार्य करना चाहिए और उसे अच्छी तरह करना चाहिए, पूरी लगन और शक्ति से करना चाहिए। यही सफलता का स्वर्णिम सिद्धांत है। सभी इसे जानते हैं और बताते हैं।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (a), **2.** (b).

**II. With the help of the poem, complete the following three sentences. The first word, i.e., verb is given as a hint.**

**Ans.** 1. Play **while you play**.
2. Work **while you work.**
3. Do **with your might.**

**III. In the poem you will find some words having similar sound. Write them in separate groups :**

**Ans. Group 1 :** play....gay.
**Group 2 :** might....right.
**Group 3 :** well....tell.

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** When should you work and play? (आपको कब कार्य करना और खेलना चाहिए?)

**Ans.** We should work when it is time for work and should play when it is time to play.
(जब कार्य का समय हो तो हमें कार्य करना चाहिए और जब खेल का समय हो तब खेलना चाहिए।)

**Q. 2.** What is the way to be happy? (खुश रहने का क्या तरीका है?)

**Ans.** The way to be happy is to do one work at a time. (एक समय में एक कार्य करना खुश रहने का तरीका है।)

**Q. 3.** Why should you not leave any work incomplete? (आपको कोई भी कार्य अधूरा क्यों नहीं छोड़ना चाहिए?)

**Ans.** We should never leave any work incomplete because it is not right. (हमें कोई भी कार्य अधूरा नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि यह सही नहीं है।)

**Q. 4.** What is the rule of being successful? (सफलता पाने का क्या सिद्धांत है?)

**Ans.** The rule of being successful is to do one thing at a time and do it very well. (एक समय में एक कार्य करना तथा पूर्ण लगन से करना, सफलता पाने का सिद्धांत है।)

**Q. 5.** What do you learn from this poem? (आप इस कविता से क्या सीखते हैं?)

**Ans.** We learn that we should do one thing at a time but we should do it fully and properly. (हम सीखते हैं कि हमें एक समय में एक कार्य, लेकिन पूर्ण लगन और समर्पण से करना चाहिए।)

## Language Skill Mastery

**V. Never is used in the negative sense. Few sentences are given below. Rewrite them using never.**

**Ans. 1.** My father **never** smoked hucca. **2.** I **never** sleep in the day. **3.** This man **never** teased the poor. **4.** You **never** told a lie. **5.** He **never** went to Agra.

**VI. Make sentences with both the commands, using the verbs given under 'A', (i) positive commands from the words given under 'B' and (ii) negative commands from the words given under 'C' :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Ans. 1.** | **Positive command** | : | Write a letter. |
| | **Negative command** | : | Do not write songs. |
| **2.** | **Positive command** | : | See green grass. |
| | **Negative command** | : | Do not see dry grass. |
| **3.** | **Positive command** | : | Go by bicycle. |
| | **Negative command** | : | Do not go by bus. |
| **4.** | **Positive command** | : | Play cricket. |
| | **Negative command** | : | Do not play kho-kho. |
| **5.** | **Positive command** | : | Wear clean clothes. |
| | **Negative command** | : | Do not wear dirty clothes. |

## Skills Practice

**VII. Now write there or four sentences each about :**

**(a) A doctor 1.** A doctor examines the patients, **2.** He uses a stethoscope to hear patient's heartbeat, **3.** He gives medicines to patients, **4.** He examines patients in a hospital or a clinic.

**(b) A farmer 1.** A farmer lives in a village, **2.** He grows grains for us, **3.** He is a hard working person, **4.** He lives in a hut.

**(c) A shopkeeper 1.** A shopkeeper lives in our locality, **2.** He is a very rich and wise man, **3.** He sells goods, **4.** He is a very fat man.

## 2. The Mouse And The Ant (चूहा और चींटी)

### हिन्दी अनुवाद

कनाडा के एक सुन्दर भाग में एक बहुत बड़ा पार्क है जहाँ अनेक वन्य प्राणी रहते हैं। लड़के और लड़कियाँ इस बड़े पार्क को देखने जाना पसन्द करते हैं। वे अपने साथ भालू के बच्चों को पिलाने के लिए चीनी के शर्बत की बोतलें ले जाते हैं। वे काले ऊदबिलावों और बड़े भैंसों को खोजते रहते हैं। परन्तु मेरा विचार है कि इन लड़कों और लड़कियों में से किसी ने भी छोटे श्रीमान चूहा और नन्हीं श्रीमती चींटी पर ध्यान नहीं दिया जो एक चट्टान के नीचे छिद्र में एक-दूसरे के समीप रहते हैं।

लम्बे समय तक श्रीमान चूहा और श्रीमती चींटी बड़े अच्छे दोस्त थे। श्रीमती चींटी को गर्व था कि चूहा जो उसको इतना बड़ा और शक्तिशाली प्रतीत होता है, उसका दोस्त था। उसे बड़ी प्रसन्नता हुई जब चूहे ने गपशप के लिए उसे रोक लिया।

लेकिन एक दिन श्रीमती चींटी ने सोचा, ''यह सत्य है कि चूहे जी बड़े दयालु हैं। परन्तु मुझे इसमें कोई सन्देह नहीं कि इस संसार में कुछ और भी प्राणी हैं जो उतने ही दयालु हैं।''

नन्हीं चींटी अपना छोटा सिर हिलाती गई और सोचती गई, ''हाँ, हाँ, मुझे पूरा विश्वास है कि मैं इस संसार में और बहुत-से महान् दोस्त पा सकती हूँ। मैं चूहे जी से तंग आ गई हूँ। मैं देखूँगी कि मुझे चूहे से ज्यादा शक्तिशाली कोई अन्य मित्र मिल जाए।''

अत: श्रीमती चींटी छिद्र से रेंगकर बाहर आ गई, चट्टान पर चढ़ी और ऊपर मैदान में गई। वह एक सर्द दिन था। शीघ्र ही बर्फ पड़ने लगी। श्रीमती चींटी के पैर लगभग ठिठुर गये।

श्रीमती चींटी चिल्लाईए, ''बर्फ, तुमने मेरे पैर बर्फ से जमा दिये, जिससे मैं मुश्किल से रेंग पा रही हूँ। क्या तुम संसार की सबसे शक्तिशाली वस्तु नहीं हो?''

बर्फ ने कहा, ''वास्तव में ऐसा नहीं है। मैं संसार में सबसे अधिक शक्तिशाली वस्तु नहीं हूँ। सूरज मुझसे ज्यादा शक्तिशाली है। सूरज चमकता है और मुझे पूरी तरह पिघला देता है।''

चींटी जी ने सूरज की ओर झाँककर देखा।

उसने कहा, ''सूरज, क्या आप मैं संसार की सबसे शक्तिशाली चीज नहीं हो?''

सूरज ने कहा, ''नहीं, ऐसा नहीं है। मैं संसार की सबसे शक्तिशाली चीज नहीं हूँ। बादल मुझसे ज्यादा शक्तिशाली हैं। जब वे मेरे पास से होकर गुजरते हैं, वे मेरे चेहरे को ढक लेते हैं और मैं पृथ्वी पर चमकने में असमर्थ हो जाता हूँ।''

अब चींटी ने दौड़ते हुए बादल की ओर देखा। उसने कहा, ''बादल, क्या आप संसार की सबसे शक्तिशाली चीज नहीं हो?''

बादल ने कहा, ''वास्तव में, ऐसा नहीं है। मैं संसार में सबसे शक्तिशाली नहीं हूँ। हवा मुझसे ज्यादा शक्तिशाली है। जब हवा चलती है, मुझे बहा ले जाती है जहाँ वह चाहती है।''

तब चींटी ने हवा से पूछा, ''अरे हवा, क्या आप दुनिया की सबसे शक्तिशाली चीज नहीं हैं?''

हवा बोली, ''नहीं, वास्तव में ऐसा नहीं है, मैं संसार की सबसे शक्तिशाली चीज नहीं हूँ, घर मुझसे ज्यादा शक्तिशाली होता है। मैं चाहे जितना तेज चलूँ, एक घर मुझे अलग हटा देता है, दूसरी ओर मोड़ देता है।''

चींटी ने दूसरी ओर एक बड़े घर की ओर ताका। वह बोलाी, ''घर, क्या आप संसार की सबसे शक्तिशाली चीज नहीं हो?''

घर ने कहा, ''नहीं, वास्तव में नहीं है। मैं ऐसा संसार की सबसे शक्तिशाली वस्तु नहीं हूँ। छोटा चूहा जो चट्टान के नीचे एक छिद्र में रहता है, मुझसे ज्यादा ताकतवर है। अपने नुकीले दाँतों से कुतरकर वह मेरी दीवारों में छेद बना देता है। वह मेरे प्रत्येक कमरे में आ-जा सकने में समर्थ है।''

इन शब्दों को सुनकर श्रीमती चींटी वापस मुड़ी और चट्टान के नीचे छिद्र में लौट गई।

चूहा बोला, ''नमस्ते, चींटी जी, मुझे तुम्हें यहाँ फिर देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई।''

श्रीमती चींटी ने बड़े आदरपूर्वक कहा, ''मुझे भी आपसे पुन: मिलकर बड़ी प्रसन्नता हुई, चूहे जी।''

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (b), **2.** (d), **3.** (a).

**II. Who said the following?**

**Ans. 1.** Wind, **2.** Master, **3.** Snow, **4.** Sun, **5.** Mistress Ant.

**III. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Who like to visit the great park in Canada? (कनाडा में बड़े पार्क को कौन देखने जाना पसन्द करते हैं?)

**Ans.** Boys and girls like to visit the great park in Canada. (लड़के तथा लड़कियाँ, कनाडा में बड़े पार्क को देखने जाना पसन्द करते हैं।)

**Q. 2.** What was Mistress Ant Pround of? (श्रीमती चींटी को किस बात का गर्व था?)

**Ans.** Mistress Ant was very proud that the mouse who was so big and strong was her friend. (श्रीमती चींटी को गर्व था कि चूहा जो इतना बड़ा और शक्तिशाली था, उसका दोस्त था।)

**Q. 3.** In whose search did Mistress Ant crawl out? (श्रीमती चींटी, किसकी खोज में रेंगकर बहार आई?)

**Ans.** Mistress Ant crawled out in search of the strongest thing in the world. (श्रीमती चींटी, इस संसार की सबसे शक्तिशाली चीज की खोज में रेंगकर बाहर आई।)

**Q. 4.** What did the wind say to Mistress Ant? (हवा ने श्रीमती चींटी से क्या कहा?)

**Ans.** The wind told Mistress Ant that it was not the strongest thing in the world. (हवा ने श्रीमती चींटी से कहा था कि वह संसार की सबसे शक्तिशाली चीज नहीं थी।)

**Q. 5.** Whom did Mistress Ant find to be the strongest? (श्रीमती चींटी ने किसको सबसे ज्यादा शक्तिशाली पाया?)

**Ans.** Mistress Ant found that the mouse was the strongest, though in real sense it was not. (श्रीमती चींटी ने पाया कि चूहा सबसे ज्यादा शक्तिशाली था, जो कि वास्तव में नहीं था।)

**IV. Mistress Ant went to many one by one. Their list is given below but they are not in order. Put them in order and rewrite :**

**Ans.** Snow, Sun, Cloud, Wind, House, Mouse.

## Language Skills Mastery

**V. Fill in the missing table :**

**2.** Duckling, Flight **3.** Women, Family **4.** Bitch, Pack **5.** Cow, Calf

**VI. (a) Rewrite the following paragraph avoiding the repetition of the same noun :**

**Ans.** Sharan has left his bed. Now **he** is touching the feet of his father. **He** will wash his hands and feet. Then **his** mother will give **him** a cup of tea.

**(b) Pick out the pronouns in the following sentences :**

**Ans. 1.** You, your; **2.** We; **3.** They; **4.** She, us; **5.** He you.

**VII. Work in pairs and make polite requests for the following situations and suitable responses :**

**Ans.** (I am Neha and Anu is my friend).

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Neha** | : | Will you go with me? |
| | **Anu** | : | Yes, I will |
| 2. | **Neha** | : | Could you give me some ice, please? |
| | **Anu** | : | Yes, why not? |
| 3. | **Neha** | : | Could you buy a new bicycle for me, please? |
| | **Father** | : | Yes, why not? |

**VIII. Fill in the blanks with the given words :**

**Ans. 1.** turned; **2.** peeped out; **3.** strongest; **4.** drives away; **5.** gnaws.

**IX. Read the following statements and correct the wrong ones and then rewrite in your exercise book :**

**Ans.** Sentences 1, 2 and 4 are wrong. They are re-written correctly as follows :

**1.** One day **Mistress Ant** crawled out of the hole, up the rock and to the ground above.

**2.** **Mistress Ant** was proud of itself.

**4.** In the end, Mistress Ant was **very glad** to see Master Mouse again.

## Fun Time

**X. Find out the names of the animals that you can see in the great park from the wordsearch given below. Then write out the names of the animals :**

**Ans.** LION, ZEBRA, DEER, APE, ELEPHANT, TIGER, BEAR.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| D | A | E | G | Z | E | B | R | A | L | L |
| O | E | T | L | I | O | N | R | D | K | T |
| N | L | M | R | I | G | L | E | B | I | E |
| E | E | O | A | S | S | D | O | B | N | E |
| K | P | T | T | H | P | E | O | E | M | Y |
| R | H | I | N | K | E | Y | B | E | A | R |
| E | A | G | I | D | E | A | R | R | O | Y |
| Y | N | E | O | E | A | M | T | N | K | E |
| I | T | R | G | E | N | N | A | B | N | C |
| T | G | R | E | R | E | K | Y | A | P | E |

# 3. Science And Scientists (विज्ञान और वैज्ञानिक)

## हिन्दी अनुवाद

हम विज्ञान के युग में रह रहे हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में, हम विज्ञान से प्रभावित हैं। विज्ञान ने मानव को बहुत सुख-सुविधाएँ दी हैं। हमने विज्ञान के कारण ही इतनी प्रगति की है। इसने समय और दूरी को कम कर दिया है और मानव-जीवन की अवधि को बढ़ा दिया है।

विज्ञान एक ज्ञान है। मनुष्य में तार्किक शक्ति होती है। वह अपनी आवश्यकताओं और सुविधाओं के बारे में सोचता है। वह संसार में प्रत्येक सम्भव चीज की खोज करता है। यह तलाश आविष्कार के रूप में जानी जाती है। अत: विज्ञान एक व्यवस्थित ज्ञान है और वह व्यक्ति जो इस क्षेत्र में कार्य करता है, वैज्ञानिक कहलाता है। वह जो कुछ भी खोजता है या बनाता है, उसे उसका आविष्कार कहते हैं। अनेक वैज्ञानिकों ने असंख्य चीजों का आविष्कार किया है।

आप रेलगाड़ी में बैठकर दूर-दूर तक यात्रा करते हो। उस गाड़ी को या तो भाप अथवा डीजल का इंजन खींचता है। भाप के इंजन का आविष्कार जेम्स वाट ने किया था, जो एक अंग्रेज वैज्ञानिक थे।

आप हवा में (वायुयान में बैठकर) एक पक्षी की भाँति उड़ते हो। कुछ ही घंटों में आप विश्व के किसी भी भाग में पहुंच सकते हो। क्या तुम्हें पता है कि वायुयान का आविष्कार किसने किया था? राइट बन्धुओं ने वायुयान का आविष्कार किया था और हमारी लम्बी यात्राओं को तीव्रगामी और सुविधाजनक बना दिया था।

हम बिना बिजली के कुछ भी नहीं कर सकते हैं। हवा, पानी और भोजन के बाद बिजली आती है जो हमारे लिए सर्वाधिक आवश्यक है। बैट्री, जो बिजली को एकत्रित करती है, का आविष्कार वोल्टा ने किया था। बिजली अनेक तरीकों से हमारी सहायता करती है। वह प्रकाश देती है, हमारे पंखे चलाती है, हमारा भोजन बनाती है और हमारी मशीनों और हमारे कारखानों को चलाती है।

मारकोनी एक महान् वैज्ञानिक थे, जिन्होंने रेडियो और वायरलैस का आविष्कार किया था। दूरभाष और वायरलैस की सहायता से हम दुनिया के किसी भी कोने में किसी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। टेलीविजन पर हम कलाकारों की अदाकारी देख सकते हैं और उनकी आवाज सुन सकते हैं।

चिकित्साशास्त्र और शल्य-क्रिया के क्षेत्र में विज्ञान का आज बहुत बड़ा योगदान है। बहुत-सी असाध्य बीमारियों का उपचार अब सम्भव हो गया है। इस प्रकार मानव-जीवन की अवधि में वृद्धि हुई है।

विज्ञान का सबसे आश्चर्यजनक आविष्कार चन्द्रयात्रा है। हम माइकल कॉलिन्स, नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन को नहीं भुला सकते हैं जो चन्द्रमा पर पहुँचने वाले प्रथम मानव थे। इस प्रकार वैज्ञानिकों ने असम्भव कार्यों को संभव बना दिया है और यह विस्तृत और असीमित विश्व अपने आकार में सिकुड़ गया है।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (b), **2.** (c), **3.** (a).

**II. Write 'T' for true or 'F' for false against each statement :**

**Ans. 1.** (T), **2.** (T), **3.** (T), **4.** (F), **5.** (T).

**III. Some inventions are given under 'A'. Write the names of the scientist who invented them under 'B' :**

**Ans.**

| | **'A'** | **'B'** |
|---|---|---|
| **1.** | Invention of aeroplane. | Wright Brothers |
| **2.** | Invention of steam engine. | James Watt |
| **3.** | Invention of battery. | Volta |
| **4.** | Invention of radio and wireless. | Marconi |

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** What is Science? (विज्ञान क्या है?)

**Ans.** Science is systematic knowledge. (विज्ञान एक व्यवस्थित ज्ञान है।)

**Q. 2.** Who is called a scientist? (एक वैज्ञानिक कौन कहलाता है?)

**Ans.** A scientist is the one who works in the field of science. (एक वैज्ञानिक वह होता है जो विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करता है।)

**Q. 3.** How do you go to a distant place? (आप दूरस्थ स्थान पर कैसे जाते हैं?)

**Ans.** We go to a distant place by aeroplane. (हम दूरस्थ स्थान पर वायुयान से जाते हैं।)

**Q. 4.** What did Wright Brothers invent? (राइट बन्धुओं ने क्या योगदान किया?)

**Ans.** Wright Brothers invented the aeroplane and made long journeys fast and comfortable. (राइट बन्धुओं ने वायुयान का आविष्कार किया और लम्बी यात्राओं को तीव्रगामी और सुविधाजनक बना दिया।)

**Q. 5.** What are the four things most necessary for us? (हमारे लिए सबसे ज्यादा आवश्यक चार चीजें क्या हैं?)

**Ans.** Air, water, food and electricity are the four things most necessary for us. (हमारे लिए सबसे ज्यादा आवश्यक चार चीजें हवा, पानी, भोजन और बिजली हैं।)

## Language Skills Mastery

**V. Fill in the blanks with the given words :**

**Ans. 1.** comforts, **2.** scientist, **3.** Telephone, **4.** aeroplanes.

**VI. Correct the spellings of the following words :**

**Ans.** steam, great, scientist, aeroplane, invention, corner.

**VII. Some groups of words are given below. Strike out the words which does not belong to that group :**

**Ans.** (a) books (✗), (b) cat (✗), (c) door (✗), (d) goat (✗), (e) rose (✗).

**VIII. Use a or an before the following words :**

**Ans. 1.** an egg, **2.** a pencil, **3.** an elephant, **4.** a boy, **5.** an old man, **6.** a university.

## Skills Practice

**X. Now write requests for help and replies. Then practise saying them :**

**Ans.**

1. Would you please draw a cartoon for me? I would love to help you, but I can't.
2. Would you please help me in crossing the road? Yes, of course.
3. Can you please cut a slice of bread for me? Yes, of course.

## 4. Rohan Is Ill (संजय बीमार है)

### हिन्दी अनुवाद

**रोहन**—क्या मैं अन्दर आ सकता हूँ? डॉक्टर साहब।

**डॉक्टर**—हाँ, कृपया अन्दर आइये।

**रोहन**—नमस्कार, डॉक्टर साहब।

**डॉक्टर**—नमस्कार, रोहन। कैसी तबियत है?

**रोहन**—डॉ० साहब, कल रात से मैं बुखार से पीड़ित हूँ। मैं पूरी रात सो नहीं सका।

**डॉक्टर**—यहाँ लेट जाओ, रोहन, मैं तुम्हारी जाँच करूँगा।

(रोहन लेट जाता है। डाक्टर उसकी नाड़ी, पेट और छाती की जाँच करता है।)

**डॉक्टर**—कृपया मुझे अपनी जीभ दिखाओं। अब मुझे अपना गला दिखाओ। (रोहन वैसा ही करता है जैसा डॉक्टर कहते हैं।)

**डॉक्टर**—हाँ। तुम्हारे गले में सूजन है। वैसे, तुमने कल क्या खाना खाया था?

**रोहन**—कल मेरे स्कूल में एक समारोह था, डॉक्टर साहब। मैंने पनीर, दाल और चावल खाये। मैंने आइसक्रीम भी खाई थी।

**डॉक्टर**—दो या तीन दिन तक आइसक्रीम मत खाना। उबला हुआ पानी पीना और पूर्ण विश्राम करना। मैं। तुम्हें कुछ गोलियाँ और एक सिरप (चाशनी) दे रहा हूँ। दो गोलियाँ, एक चाय के चम्मच भर सिरप दिन में तीन बार लेना है।

**रोहन**—डॉ० साहब, क्या आज मैं स्कूल जा सकता हूँ?

**डॉक्टर**—नहीं, दो दिन तक बिस्तर पर पूर्ण विश्राम करो। स्कूल से दो दिन का अवकाश तुम्हें नुक्सान नहीं करेगा।

**रोहन**—धन्यवाद, डॉक्टर।

**डॉक्टर**—ध्यान रखना, रोहन।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (a), **2.** (d), **3.** (b).

**II. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Who was ill? (बीमार कौन था?)

**Ans.** Rohan was ill. (रोहन बीमार था।)

**Q. 2.** What did Rohan eat at the school function? (रोहन ने स्कूल समारोह क्या खाया था?)

**Ans.** He ate panner dal, rice and ice-cream yesterday. (उसने स्कूल समारोह पर पनीर, दाल और चावल खाए और उसने आईसक्रीम खाई थी।)

**Q. 3.** What did the doctor say? (डॉक्टर ने क्या कहा?)

**Ans.** The doctor said that Rohan had swelling in his throat. (डॉक्टर ने कहा कि रोहन के गले में सूजन थी।)

**Q. 4.** What did he give to Rohan? (उसने रोहन को क्या दिया?)

**Ans.** He gave some pills and a syrup to Rohan. (उसने रोहन को कुछ गोलियाँ तथा एक सिरप (चाशनी) दिया।)

**Q. 5.** What instructions did the doctor give to Rohan? (डॉक्टर ने रोहन को क्या निर्देश दिए?)

**Ans.** The doctor did not allow him to have eat ice-cream for two or three days. He also asked him to have boiled water and take complete rest. (डॉक्टर ने उसे दो या तीन दिन तक आइसक्रीम खाने से मना किया। उसने उसे उबला हुआ पानी पीने तथा पूर्ण विश्राम करने के लिए भी कहा।)

## Language Skills Mastery

**III. Fill in the blanks with the given words :**

**Ans. 1.** parents, **2.** teachers, **3.** goods, **4.** plants, **5.** patients, **6.** students, **7.** children, **8.** officer, **9.** machine**10.** letters.

**IV. Put the missing letters in the following words :**

**Ans.** doctor, throat boiled, office, pills.

**V. Rearrange the words and make meaningful sentences :**

**Ans. 1.** Yes, please come in. **2.** Show your tongue to me. **3.** Do not eat ice-cream. **4.** Take complete rest for two days. **5.** I will examine you.

## Skills Practice

**VI. You have read in the chapter, the use of 'Good morning', 'Thank you', 'Sorry', etc. Now tick (✓) the true statements and cross (✗) the wrong statements :**

**Ans. 1.** (✗), 2. (✓), 3. (✓), 4. (✓), 5. (✗).

**VII. Use the following words in the own sentences :**

**Ans. Good morning :** We say 'good morning' when we meet our elders in the morning.

**Please :** Will you **please** help me?

**Thank you :** We say **'thank you'** when someone gives us something.

**Take Care :** The doctor said **'take care'** to me.

**VIII. Some group of words are given below. Find out the word that does not belong to the group and strike it out :**

**Ans. 1.** moon, **2.** bullock, **3.** table, **4.** field, **5.** pills.

# 5. Colours In Nature (प्रकृति के रंग)

## हिन्दी अनुवाद

*[प्रकृति अपनी सुन्दरता का वैभव विभिन्न प्रकार के मनोहारी रंगों के द्वारा प्रदर्शित करती है। अपनी रंगों की विशेषता के कारण ही प्रकृति में सहज आकर्षण है।]*

कवि कहता है कि हंस का रंग सफेद होता है, बतखें भी सफेद होती हैं। रात्रि काली होती है। कौए भी काले होते हैं। आकाश नीला होता है। समुद्र नीला होता है। घास हरी होती है। वृक्ष हरे होते हैं। पत्ती पीली होती है। चाँद पीला होता है। कितनी चीजें नीली होती हैं? कितनी चीजें हरी होती हैं? मुझे फौरन बताओ, मुझे फौरन बताओ।


## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer (*MCQs*) :**

**Ans. 1.** (a), **2.** (a), **3.** (d).

**II. Match the words under column 'A' with the words under column 'B' :**

| **Ans.** 'A' | 'B' |
|---|---|
| **1.** moon | (a) black |
| **2.** grass | (b) yellow |
| **3.** sea | (c) white |
| **4.** night | (d) blue |
| **5.** duck | (e) green |



**III. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Which colours are described in the poem? (कविता में कौन-से रंगों का वर्णन किया गया है?)

**Ans.** The colours described in the poem are white, black, blue, green and yellow. (कविता में सफेद, काला, नीला, हरा और पीले रंग का वर्णन है।)

**Q. 2.** Which things are of blue colour? (कौन-सी चीजें नीले रंग की हैं?)

**Ans.** The sky and the sea are of blue colour. (आकाश और समुद्र नीले रंग के हैं।)

**Q. 3.** What colour are the ducks? (बतखों का रंग क्या है?)

**Ans.** The ducks are white. (बतखों का रंग सफेद है।)

**Q. 4.** How many green things are there in the poem? (कविता में कितनी चीजें हरे रंग की हैं?)

**Ans.** In the poem there are two green things,namely grass and trees. (कविता में दो चीजें हरे रंग की हैं, घास और वृक्ष।)

## Language Skills Mastery

**IV. Correct the spellings of following words :**

**Ans.** colour, please, suddenly, garden, children, forest.

**V. Do it yourself.**

## Skills Practice

**VI. Complete the following sentences with the given words :**

**Ans. 1.** hen; **2.** lion; 3. puppy; **4.** sheep; **5.** calf; **6.** tadpole.

**VII. Fill in the blanks with the given words :**

**Ans. 1.** pouring, **2.** neighing, **3.** smelling, **4.** plucking, **5.** drinking.

# 6. Good Wins Over Evil
# (अच्छाई की बुराई पर विजय होती है)

## हिन्दी अनुवाद

यह कहानी एक अमीर व्यक्ति और निर्धन भिखारी की है। बहुत समय पहले, किसी शहर में एक अमीर व्यक्ति रहता था। उसने अपने व्यापार द्वारा बहुत-सा धन अर्जित कर लिया था। उसे जानवरों के शिकार का बड़ा शौक था। परन्तु वह बड़ा कंजूस था। वह किसी भी भिखारी को जो उसके द्वार पर आते थे, एक भी पैसा नहीं देता था। वह भिखारियों को फटकार देता था और भगा देता था। उसे उनसे घृणा थी।

एक दिन एक गरीब भिखारी जो बड़ा भूखा और थका था, उसके द्वार पर आया। उसके शरीर पर फटे कपड़े थे। उसने अमीर व्यक्ति से कहा, ''मैं सारा दिन चलता रहा हूँ। मैं बड़ा थका और भूखा हूँ। क्या आप कृपा करके मुझे कुछ खाने के लिए देंगे?''

धनी व्यक्ति ने कहा, ''निकल जा यहाँ से, आलसी आदमी! मेरे पास तेरे लिए भोजन नहीं है।''

भिखारी ने कहा, ''अच्छा तो कृपा कर मुझे थोड़ा जल ही पीने के लिए दे दीजिए।''

धनी व्यक्ति क्रोध से चिल्लाया, 'दफा हो जा, अरे आलसी भिखारी।''

भिखारी मुड़ा और धीरे-धीरे चलकर सड़क पर आ गया।

जब भिखारी चला गया तो धनी व्यक्ति ने अपने-आप से कहा, ''मैं इन भिखारियों से तंग आ चुका हूँ। वे मुझे कभी भी शान्ति से आराम नहीं करने देते।''

कुछ दिनों के बाद, धनी व्यक्ति किसी जंगल में शिकार करने गया। परन्तु अँधेरा होने तक उसे कोई भी जानवर नहीं मिला। वह रास्ता भटक गया। वह अकेला था। वह बड़ा थका हुआ और भूखा था। वह भोजन और पानी की तलाश में घूम रहा था।

अंत में वह एक झोंपड़ी के पास आया जहाँ गरीब भिखारी खड़ा था। भिखारी तो उसे पहचान गया पर वह उसे पहचान न पाया। अमीर व्यक्ति उसके पास गया और कहा, ''मैं जंगल में रास्ता भटक गया हूँ और मैं बड़ा थका हुआ और भूखा हूँ। क्या आप मुझे खाने को देंगे और जंगल से बाहर निकलने का रास्ता बता देंगे?''

भिखारी ने कहा, ''आपका पूरा स्वागत है, श्रीमान! लेकिन बहुत अँधेरा हो चुका है और जंगल में रात को यात्रा करना खतरों से खाली नहीं है। यदि आप चाहें तो इस गरीब की कुटिया में रात्रि को विश्राम कर सकते हैं। जब सुबह होगी, मैं आपको रास्ता बता दूँगा।''

''बहुत धन्यवाद!'' धनी व्यक्ति ने कहा।

भिखारी ने उसे कुछ रोटी खाने के लिए और पीने के लिए पानी दिया। फिर उसने फर्श पर अपनी दरी उसके सोने के लिए बिछा दी।

धनी व्यक्ति अपना विलासिताओं से भरा घर और आरामदायक बिस्तर भूल गया। उसने पूरी रात गहरी नींद का आनंद लिया। जब वह सुबह उठा, भिखारी ने सुबह के नाश्ते में उसे कुछ जंगली फल खाने को दिए।

दोनों साथ–साथ टहलते हुए कई मील तक घने जंगल में चलते गए। अन्त में भिखारी ने धनी व्यक्ति से कहा, ''अब हम जंगल से बाहर आ गये हैं। इसी रास्ते पर सीधे लगभग डेढ़ मील तक चलते जाइए और आप अपने घर पहुँच जायेंगे।''

पूरे रास्ते धनी व्यक्ति सोच रहा था कि उसने इस गरीब व्यक्ति को पहले कहीं देखा था परंतु वह यह स्मरण न कर पाया कि उसने उसे कब और कहाँ देखा था। जब वह भिखारी को उसके अतिथि–सत्कार के लिए धन्यवाद देकर उससे विदाई ले रहा था, उसने कहा, ''यदि मैं गलती नहीं कर रहा हूँ, मेंने आपको पहले कहीं देखा है।''

भिखारी ने उत्तर दिया, ''हाँ, क्या आपको याद नहीं है कि कुछ समय पहले एक शाम आपने अपने द्वार से एक थके हुए और भूखे भिखारी को बाहर भगा दिया था?''

धनी व्यक्ति अपने व्यवहार पर बड़ा शर्मिंदा हुआ। उसने भिखारी से कहा, ''मुझे बड़ा दु:ख है। मैं अब कभी भी किसी गरीब, भूखे के साथ वैसा व्यवहार दोबारा नहीं करूँगा। तुमने बुराई का बदला अच्छाई से दिया है। इस प्रकार तुमने मुझे एक महान् सबक सिखाया है।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (d), **2.** (d), **3.** (d).

**II. Fill in the blanks with the correct words :**

**Ans. 1.** recognised, **2.** thanked, **3.** beggar, **4.** rudely, **5.** happy.

**III. Write 'T' for true or 'F' for false against each statement :**

**Ans. 1.** (F), **2.** (T), **3.** (F), **4.** (T), **5.** (F).

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** How did the rich man treat beggars? (अमीर व्यक्ति भिखारियों के साथ कैसा व्यवहार किया करता था?)

**Ans.** The rich man treated the beggars very rudely. He scolded and made them run away.

(अमीर व्यक्ति भिखारियों के साथ असभ्य व्यवहार किया करता था। वह उन्हें फटकार देता और भगा देता था।)

**Q. 2.** What did the beggar request the rich man one evening? (एक शाम भिखारी ने अमीर व्यक्ति से क्या प्रार्थना की?)

**Ans.** One evening, the beggar requested the rich man to give him something to eat.

(एक शाम भिखारी ने अमीर व्यक्ति से खाने के लिए कुछ देने की प्रार्थना की।)

**Q. 3.** Did the rich man give the beggar something? What more did he say to him? (क्या अमीर व्यक्ति ने भिखारी को कुछ दिया? उसने उससे और क्या कहा?)

**Ans.** No, he didn't give him anything to eat. He called him a 'lazy fellow' and turned him away. (नहीं, उसने उसे खाने के लिए कुछ नहीं दिया। उसने उसे आलसी आदमी कहा और भगा दिया।)

**Q. 4.** How did the rich man reach the hut of the beggar? (अमीर व्यक्ति किस प्रकार भिखारी की झोंपड़ी पर पहुँचा?)

**Ans.** The rich man reached the hut of the beggar as he had lost his way in the forest. (अमीर व्यक्ति भिखारी की झोंपड़ी पर पहुँचा क्योंकि वह जंगल में अपना रास्ता भूल गया था।)

**Q. 5.** Did the beggar also treat him in the way the rich man had treated him? (क्या भिखारी ने अमीर व्यक्ति से वैसा ही व्यवहार किया जैसा उसने उसके साथ किया था?)

**Ans.** No, he didn't. He treated him very nicely and returned good for evil. (नहीं, उसने नहीं किया। उसने उसके साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया और बुराई का बदला अच्छाई से दिया।)

**Q. 6.** Write in a few words the lesson you learnt from this story. (इस कहानी से जो पाठ आपने सीखा उसे संक्षिप्त शब्दों में लिखिए।)

**Ans.** The lesson teaches us that we should not be rude with tired and hungry persons. We should be kind and sympathetic to them and feed them. We should help the needy persons and should not scold them.

(यह पाठ हमें सिखाता है कि हमें थके हुए और भूखे व्यक्तियों से असभ्य व्यवहार नहीं करना चाहिए। हमें उनके साथ दयालु और सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए और उन्हें खाना खिलाना चाहिए। हमें जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करनी चाहिए और उन्हें फटकारना नहीं चाहिए।)

## Language Skills Mastery

**V. Fill in the blanks of the following sentences with given words :**

**Ans. 1.** knife, **2.** train, **3.** umbrella, **4.** teacher, **5.**shoes.

**VI. Change the following statements into questions to get the colour words as answer :**

**Ans. 1. When** was he absent? **2. What** is your mother reading? **3. Where** are your books? **4. Who** teaches you Hindi? **5. What** does his father do? **6. Where** will the match be played? **7. What** are they eating? **8. Which** book do you like? **9. Where** is the principal? **10. When** do you have your lunch?

## Skills Practice

**VII. Use the following words and phrases in your own sentences :**

**Ans. 1. Dangerous :** It is **dangerous** to swim in a river in flood.

**2. Comfortable :** He is rich and so leads a **comfortable** life.

**3. Fond of :** He is **fond** of music.

**4. Recognised :** The beggar **recognised** the rich man.

**5. In search of :** He is going to Mumbai **in search of** a job.

**6. Tired of :** She is never **tired of** talking about her work.

## Fun Time

**VIII. In the word puzzle, find things that you use at home with the help of these clues :**

1. You watch entertainment programs on it.
2. It heats water.
3. You use it in summer to cool the air.
4. You use it to talk to people.
5. You can hear programme on it but cannot see.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | R | R | A | D | I | O | O | O | T |
| E | S | G | D | I | O | E | Y | E | E |
| R | R | A | G | G | E | Y | S | E | R |
| T | E | L | E | P | H | O | N | E | L |
| C | O | L | L | C | O | O | L | E | R |
| T | E | L | E | V | I | S | I | O | N |

## 7. Birbal (बीरबल)

## हिन्दी अनुवाद

अकबर के दरबार में एक बुद्धिमान व्यक्ति रहता था। उसका नाम बीरबल था। वह बड़ा चतुर व्यक्ति था। उसकी मनोरंजक और विवेकपूर्ण टिप्पणियों के बहुत सारे किस्से मशहूर हैं। यहाँ पर उनमें से दो प्रस्तुत हैं—

**(1)**

एक दिन अकबर ने बीरबल से कहा, ''तुम्हें मेरे लिए एक घोड़े का प्रबन्धक करना है। यह न तो सफेद हो और न काला, न भूरा हो और न सलेटी।''

बीरबल ने उत्तर दिया, ''ऐसा घोड़ा पाना बड़ा सरल है। परन्तु मुझे चार दिन का समय चाहिए।''

चार दिन के बाद बीरबल राजा के दरबार में आया और अकबर से बोला, ''मुझे वैसा घोड़ा मिल गया है, जैसा आप चाहते थे।''

अकबर ने पूछा, ''वह कहाँ है? मैं उसे देखना चाहता हूँ।''
बीरबल ने कहा, ''आप इसे किसी भी समय देख सकते हैं लेकिन जनवरी या फरवरी या मार्च या अप्रैल या मई या जून या जुलाई या अगस्त या सितम्बर या अक्टूबर या नवम्बर या दिसम्बर महीनों में नहीं देख सकते।''
अकबर, बीरबल की चतुर और विनोदपूर्ण टिप्पणी पर जोर से हँस पड़ा।

**(2)**

एक दिन अकबर ने दरबारियों से कहा, ''सबसे अच्छा दूध, सबसे अच्छा फूल और सबसे अच्छा पत्ता कौन-सा होता है?''
दरबारियों ने प्रत्येक प्रश्न का अलग-अलग उत्तर दिया। उन्होंने गाय, भैंस और बकरी के दूध, गुलाब और कमल के फूल, आम और नीम के पत्ते आदि को चुना।
अन्त में अकबर ने बीरबल से अपने प्रश्न का उत्तर देने को कहा। बीरबल बोले, ''महाराज! माँ का दूध सर्वोत्तम दूध होता है। जो बच्चा माँ के दूध पर पलता है, वह बड़ा हृष्ट-पुष्ट होता है। कपास का फूल सबसे श्रेष्ठ होता है क्योंकि वह हमारे शरीर को ढकता है। पान का पत्ता सर्वोत्तम पत्ता होता है। इसे सभी चबाना पसन्द करते हैं।
अकबर और सभी दरबारियों ने बीरबल की बुद्धिमत्ता की प्रशंसा की।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (d), **2.** (d), **3.** (b).

**II. Fill in the blanks with the given words :**

**Ans. 1.** king; **2.** Cotton; **3.** wise, Akbar; **4.** horse; **5.** best, leaf.

**III. Who spoke these words and to whom :**

**Ans. 1.** Birbal to Akbar, **2.** Birbal to Akbar, **3.** Akbar to Birbal.

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Who was Birbal? (बीरबल कौन था?)

**Ans.** Birbal was a wise man in the court of Akbar. (बीरबल अकबर के दरबार में एक बुद्धिमान व्यक्ति था।)

**Q. 2.** What type of horse did Akbar want? (अकबर कैसा घोड़ा चाहता था?)

**Ans.** Akbar wanted a horse that should neither be white nor black, neither brown nor grey. (अकबर ऐसा घोड़ा चाहता था जो न सफेद हो और न काला, न भूरा हो और न सलेटी।)

**Q. 3.** What was Birbal's reply? (बीरबल का उत्तर क्या था?)

**Ans.** Birbal replied that it was very easy to find such a horse. (बीरबल ने उत्तर दिया कि ऐसा घोड़ा ढूढंना बहुत सरल है।)

**Q. 4.** Why did the king laugh loudly? (राजा जोर से क्यों हँस पड़ा?)

**Ans.** The king laughed loudly at Birbal's wise and witty remark. (बीरबल की चतुर एवं विनोदपूर्ण टिप्पणी पर राजा जोर से हँस पड़ा।)

**Q. 5.** Why is mother's milk the best milk? (माँ का दूध सबसे अच्छा क्यों है?)

**Ans.** A mother's milk is the best milk because it is a source of good health for the child. (माँ का दूध सबसे अच्छा है क्योंकि यह बच्चे की अच्छी सेहत का साधन है।)

**Q. 6.** Why is cotton flower the best flower? (कपास का फूल सबसे श्रेष्ठ क्यों है?)

**Ans.** The cotton flower is the best because it covers our bodies. (कपास का फूल सबसे श्रेष्ठ है क्योंकि यह हमारे शरीर को ढकता है।)

**Q. 7.** Why is betal leaf the best leaf? (पान का पत्ता सर्वोत्तम क्यों है?)

**Ans.** The betal leaf is the best because everyone is fond of chewing it. (पान का पत्ता सर्वोत्तम है क्योंकि सभी इसे चबाना पसन्द करते हैं।)

## Language Skills Mastery

**V. Rearrange the words and make meaningful sentences :**
**1.** You have to find a horse for me. **2.** The king laughed loudly. **3.** He was a very clever man. **4.** His name was Birbal. **5.** I want four days time.

## Skills Practice

**VII. Study the following examples. Write sentences about the other months using the words given below :**

**Ans. 1.** April is the fourth month of the year. **2.** May is the fifth month of the year. **3.** June is the sixth month of the year. **4.** July is the seventh month of the year. **5.** August is the eighth month of the year. 6. September is the ninth months of the year. **7.** October is the tenth month of the year. **8.** November is the eleventh month of the year. **9.** December is the twelfth month of the year.

**VIII. Write sentences about the men standing in the queue :**

**Ans. 1.** The first man is fat. **2.** The second man is tall. **3.** The third man is an old man. **4.** The fourth man is carrying a bag. **5.** The fifth man is carrying a stick. **6.** The sixth man is reading a newspaper. **7.** The seventh man is wearing a cap. **8.** The eighth man has some books. **9.** The minth man has a baby. **10.** The tenth man is carrying an umbrella.

## Fun Time

**IX. Strike out the word from each of the following groups which does not belong the that particular group :**
**Ans. 1.** cook, **2.** January, **3.** pen, **4.** Sunday, **5.** nurse.

## 8. Jesus Christ (ईसा मसीह)

### हिन्दी अनुवाद

ईसा मसीह का जन्म 25 दिसम्बर को जेरूसलम में हुआ था। मरियम उनकी माँ थी और जोसेफ उनके पिता का नाम था। वह यहूदी थे। उस समय समाज में अनेक अन्धविश्वास प्रचलित थे। कुछ धार्मिक गुरु (पादरी) निर्दोष जनता को ठगते और बहकाते थे। ईसा मसीह इन बुराइयों को सहन नहीं कर सके। उन्होंने लोगों को इन अन्धविश्वासों में तनिक भी आस्था न रखने की सलाह दी। उन्होंने लोगों को सत्य मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। अनेक लोगों ने उनकी बात सुनी और उनका अनुसरण किया। वे उन्हें ईश्वर का पैगम्बर बानते थे। ईसा मसीह के विषय में चमत्कारों की अनेक किंवदन्तियाँ (कथाएँ) प्रसिद्ध हैं। उनमें से एक नीचे गई है।

एक दिन ईसा मसीह **गलीली** समुद्र के पास आये। वह एक पहाड़ी पर चढ़ कर उस पर बैठ गये। कुछ समय के बाद लोगों की एक भीड़ वहाँ जमा हो गई। वे अपने साथ लंगड़े लोगों को लेकर आये। वे अपने साथ कुछ अन्धे, गूंगे तथा बहरे लोगों को लाये। वे सोचते थे कि अपाहिज लोग ठीक हो जायेंगे यदि ईसा मसीह उनको आशीर्वाद दे देंगे।

एक चमत्कार हुआ। मूक लोग बातचीत करने लगे, लंगड़े चलने लगे और अन्धे लोग अपनी स्वयं की आँखों से ईसा मसीह को देखने लगे। बहरे लोग साफ सुनने लगे। वहाँ उपस्थित सभी लोग बड़ा आश्चर्य करने लगे।

भीड़ प्रसन्नता से गाने और नाचने लगी। वे ईश्वर की प्रशंसा में गीत गाने लगे। वे वहाँ सारी रात ठहरे। वे वहाँ तीन दिन रहे। वे भूखे थे परन्तु फिर भी वे प्रसन्न थे। ईसा मसीह ने अपने शिषयों को बुलाया और कहा, ''इन्हें आप भोजन दे दें।''

उनके शिष्यों ने कहा, ''प्रिय मालिक, हम इन्हें भोजन कैसे दे सकते हैं। वे इतनी बड़ी संख्या में हैं और हमारे पास लगभग नहीं के बराबर भोजन है।''

**मसीह**—कितने लोग हैं?

**शिष्य**—हे मालिक, हजारों लोग हैं।

**मसीह**—तुम्हारे पास कितनी रोटियाँ हैं?

**शिष्य**—केवल सात रोटियाँ।

**मसीह**—तुम्हारे पास कितनी मछलियाँ हैं?

**शिष्य**—बहुत थोड़ी मात्रा में।

**मसीह**—सातों रोटियाँ और वे थोड़ी मछलियाँ यहाँ ले आओ।

उनके शिष्य जितनी रोटियाँ और मछलियाँ थीं, सब अपने साथ लेकर आ गये। फिर उन्होंने वह थोड़ा भोजन ईसा मसीह के सामने रख दिया।

ईसा ने आकाश की ओर देखा और कहा, ''धन्यवाद भगवान, उस भोजन के लिए जो आपने इन लोगों के लिए भेजा है।'' फिर उन्होंने अपने शिष्यों से कहा, ''इन लोगों में रोटियाँ और मछलियाँ बाँट दो।''

इस प्रकार चार हजार लोगों ने रोटी और मछली खायी। वे सभी सन्तुष्ट थे और उनके पेट भरे थे। सभी खुशी से चिल्ला उठे,

"ईसा मसीह की जय, ईसा मसीह की जय,
वे अपने शत्रुओं को क्षमा कर देते हैं, वे ईश्वर के पुत्र हैं।"

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (a), **2.** (a), **3.** (d).

**II. Write 'T' for true or 'F' for false against the statements :**

**Ans. 1.** (T); **2.** (F); **3.** (T); **4.** (T); **5.** (T).

**III. Fill in the blanks of the following sentences with the given words :**

**Ans.** 1. miracle, 2. sang, 3. hungry, 4. climbed, sat, 5. blessed.

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** What do you know about the parentage of Jesus Christ? (आप ईसा मसीह के पितृत्व के बारे में क्या जानते हैं??)

**Ans.** Jesus Christ's mother was Maryam and his father was Joseph. (ईसा मसीह की माता मरियम तथा पिता जोसेफ थे।)

**Q. 2.** What did Jesus Christ not like in the society? (ईसा मसीह समाज में क्या पसंद नहीं करते थे?)

**Ans.** Jesus Christ did not like blind faith in the society. (ईसा मसीह समाज में प्रचलित अन्धविश्वासों को पसंद नहीं करते थे।)

**Q. 3.** Who came to Jesus one day? (एक दिन ईसा मसीह के पास कौन आया?)

**Ans.** One day, a crowd of people came to him. (एक दिन लोगों की भीड़ उनके पास आई।)

**Q. 4.** What miracle took place? (क्या चमत्कार हुआ?)

**Ans.** The great miracle that took place was that the dumb began to talk, the blind began to see, the deaf began to hear and the lame began to walk. (जो महान चमत्कार हुआ वह था कि मूक लोग बातचीत करने लगे, अन्धे देखने लगे, बहरे लोग सुनने लगे और लंगड़े चलने लगे।)

**Q. 5.** How much food was there and how many people eat it? (वहाँ कितना भोजन था और कितने लोगों ने खाया?)

**Ans.** There were only seven loaves and a few fish and four thousand people ate this food. It was a miracle. (वहाँ सात रोटियाँ और थोड़ी मछलियाँ थीं और चार हजार लोगों ने यह खाना खाया। यह एक चमत्कार था।)

**Q. 6.** Write five sentences on Jesus Christ from your memory? (अपनी स्मृति से ईसा मसीह पर पाँच वाक्य लिखिए?)

**Ans.** Jesus Christ was born about two thousand years ago. He was considered to be the son of God. Any person who believes in his teachings is a Christian. Jesus had miraculous powers. He preached that we should love each other. (ईसा मसीह का जन्म लगभग दो हजार वर्ष पूर्व हुआ था। वह ईश्वर के पुत्र माने जाते थे। कोई व्यक्ति जो उनके उपदेशों में विश्वास रखता है, ईसाई होता है। ईसा मसीह के पास चमत्कारिक शक्ति थी। उन्होंने उपदेश दिया कि हम सभी को आपस में प्यार करना चाहिए।)

## Language Skills Mastery

**V. Give one word for the following groups of words. First letter of each word is given as a hint :**

**Ans.** 1. deaf, 2. hungry, 3. blind, 4. lame, 5. dumb.

**VI. Change the following sentences as required in the brackets :**

**Ans. 1.** He comes late everyday. **2.** Yes, I like to play. **3.** All animals do not eat grass. **4.** When do you go to school? **5.** He learnt his lesson. **6.** He is not a honest clerk. **7.** Did you pass class II last year? **8.** My friend did not help you. **9.** He writes stories. **10.** Do they go to school on foot?

**VII. Some questions are given under 'A' with their answers under 'B'. But the answers are not in order. Match the following :**

**Ans.**

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| 1. What is your name? | (d) My name is Vatsal. |
| 2. How do you do? | (g) I am well. |
| 3. In which class do you study? | (a) I study in class III. |
| 4. How old are you? | (h) I am eight years old. |
| 5. What does your father do? | (b) My father is a doctor. |
| 6. What is the time please? | (e) It is a quarter past nine. |
| 7. Where do you live? | (f) I live in Meerut. |
| 8. Where do you study? | (c) I study in S.D. Public School. |

## Fun Time

**IX. Read each riddle aloud. Then find its answer :**

**Ans. 1.** Water, **2.** Fire, **3.** Night.

## 9. To God We Owe (ईश्वर के प्रति हमारा आभार)

### हिन्दी अनुवाद

[ईश्वर महान् है। हमें उसका आभारी होना चाहिए कि उसने हमें जीवन जैसा अनुपम और अनूठा उपहार दिया है।]

कवि पूछता है कि हमारे पास जो कुछ भी है, और हम जो भी हैं, इसके लिए हम किसके ऋणी हैं?

कवि उत्तर देता है कि इन सभी चीजों के लिए हम ईश्वश के ऋणी हैं। हमें उस महान् शक्ति का आभारी होना चाहिए। वह हमारा जन्मदाता है। वह सृष्टिकर्त्ता है, जिसकी हम सदैव आराधना करते हैं।

ईश्वर के बाद हमारे माता-पिता आते हैं। हमें उनका सम्मान करना चाहिए, हमें उनके प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहिए। इसके बाद दो सुन्दर मधुर नाम आते हैं—बहन और भाई। हमें उनसे प्यार करना चाहिए।

### Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)*:**

**Ans. 1.** (b), **2.** (b), **3.** (a).

**II. Complete the following sentences :**

**Ans. 1.** We all owe to **God** for all **we have**. **2.** God is our **father** and **creator**. **3.** Our parents come next **to God**. **4.** The names of sister and brother **are sweet and loving**.

**III. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Who is our Creator? (सृष्टिकत्ता कौन है?)

**Ans.** God is our Creator. (ईश्वर सृष्टिकर्त्ता है।)

**Q. 2.** Whom do we worship? (हम किसकी पूजा करते हैं?)

**Ans.** We worship God. (हम ईश्वर की पूजा करते हैं।)

**Q. 3.** Who are next to God? (ईश्वर के बाद कौन अति हैं?)

**Ans.** Our parents are next to God. (ईश्वर के बाद हमारे माता-पिता आते हैं।)

**Q. 4.** Whom do we love and honour? (हम किसकी इज्जत व उनसे प्रेम करते हैं?)

**Ans.** We love and honour our mother and father. (हम अपने माता व पिता की इज्जत व उनसे प्रेम करते हैं)

**Q. 5.** Who has given you all things? (तुम्हें सभी चीजें किसने प्रदान की हैं,

**Ans.** God has given us all things that we have. (सभी चीजें जो भी हमारे पास हैं, ईश्वर ने हमें प्रदान की हैं)

## Language Skills Mastery

**V. Put the words in alphabetical order in each of the following :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. cradle | cream | creator | creature | credit |
| 2. admire | adore | adult | advance | advantage |
| 3. one | our | owe | owl | owner |

## Skills Practice

**VI. Now, read the sentences below and write the correct greeting for them :**

**Ans. 1.** Have a happy journey! **2.** Best of luck! **3.** Happy birthday! **4.** Get well soon!

**VII. Use these gifts of God in sentences of your own :**

**Ans. 1.** God has given us eyes to see. **2.** He has given us ears to hear. **3.** He has given us a nose to smell. **4.** He has given us teeth to chew. **5.** He has given us tongue to speak/taste. **6.** He has given us mouth to eat. **7.** He has given us legs to walk. **8.** He has given us hands to hold and to work.

## Fun Time

**VIII. Decode the secret message!**

**God is *great*.**

**IX. Read this riddle aloud. Then find its answer.**

Bulb

# 10 Lucy : Who Is Still Alive
# (लूसी : जो अभी भी जीवित है)

## हिन्दी अनुवाद

लूसी एक छोटी प्यारी बालिका थी। वह अपने माता-पिता के साथ जंगल के किनारे रहती थी। उसके माता-पिता बहुत निर्धन थे, अत: वे एक छोटी झोंपड़ी में रहते थे। वे अपनी बेटी से बहुत प्यार करते थे।

पढ़ने के लिए लूसी के लिए कोई विद्यालय न था। वह अकेला जीवन व्यतीत करती थी। अत: उसके कोई मित्र न थे, फिर भी वह बहुत प्रसन्न रहती थी। केवल प्रकृति ही उसकी शिक्षक एवं मार्गदर्शक थी। सूरज, चन्द्रमा, बादल, सितारे और फूल ही उसके मित्र थे।

एक प्रात: उसकी माँ शहर में गई परन्तु शाम तक वापस नहीं आई। अँधेरा हो गया, लूसी के पिता बहुत चिन्तित थे। उन्होंने लूसी को अपनी माँ को बुला लाने के लिए शहर भेजा अत: लूसी अपने हाथों में एक लालटेन लेकर अपनी माँ को रास्ता दिखाने के लिए चल दी। उसकी माँ घर लौट आई, जब लूसी उसकी तलाश शहर में कर रही थी।

अचानक एक भयंकर तूफान आ गया। चारों ओर घना अँधेरा हो गया और मूसलाधार वर्षा होने लगी। लूसी के लिए उसके माता-पिता बड़े परेशान थे। लेकिन वह तूफान में फँस गई। वह एक नदी में गिर गई और उसकी मृत्यु हो गई।

दूसरे दिन सुबह लूसी के माता-पिता उसकी तलाश में चल पड़े। उन्होंने लूसी की प्रत्येक जगह तलाश की। वे लूसी के लिए बार-बार चिल्लाते रहे, पर सब कुछ व्यर्थ था। जब के एक ऊँचे पहाड़ पर खड़े थे और लूसी को ढूँढ़ रहे थे, उसकी माँ ने लूसी के पद-चिह्न बर्फ पर देखे। वे पद-चिह्नों के पीछे इस आशा के साथ चल दिये कि लूसी उन्हें मिल जायेगी। परन्तु दु:ख है कि वे एक पुल के पास पहुँचे और लूसी के पद-चिह्न आगे नहीं दिखाई दिये। तब उन्हें निश्चित हो गया कि लूसी नदी में डूब गई है।

लोग आज भी महसूस करते हैं कि हाथ में लालटेन लिए हुए एक बालिका पहाड़ों पर घूम रही है। परन्तु वे उसे पकड़ने में असमर्थ हैं, वे केवल उसका गीत हवा में गूँजता हुआ सुनते हैं। अत: वे कहते हैं, ''वह एक जीवित बालिका है।''

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (b), **2.** (c), **3.** (d).

**II. Write 'T' for true or 'F' for false against each statement :**

**Ans. 1.** (F), **2.** (T), **3.** (F), **4.** (F), **5.** (T).

**III. Fill in the blanks :**

**Ans. 1.** alive; **2.** lost; **3.** small hut; **4.** came; **5.** fell.

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Where did Lucy live with her parents? (लूसी अपने माता-पिता के साथ कहाँ रहती थी?)

**Ans.** Lucy lived in a small hut with her parents in the natural surroundings of a forest. (लूसी अपने माता-पिता के साथ एक छोटी झोंपड़ी में जंगल के प्राकृतिक वातावरण में रहती थी।)

**Q. 2.** Why did Lucy's father ask her to go to the town with a lantern? (लूसी के पिता ने उसे एक लालटेन के साथ शहर जाने के लिए क्यों कहा?)

**Ans.** Lucy's father asked her to go to the town with a lantern to get her mother back. (लूसी के पिता ने उसकी माँ को वापस लाने के लिए उसे लालटेन के साथ शहर जाने को कहा।)

**Q. 3.** Where did her parents search for Lucy? (माता-पिता ने लूसी को कहाँ-कहाँ तलाश किया?)

**Ans.** They searched for Lucy everywhere. (उन्होंने लूसी को प्रत्येक जगह तलाश किया।)

**Q. 4.** Where did her parents see her footprints? (उसके माता-पिता ने उसके पद-चिह्न कहाँ देखे?)

**Ans.** Her parents saw her footprints on the snow (उसके माता-पिता ने बर्फ पर उसके पद-चिह्न देखे।)

**Q. 5.** What do people think about Lucy even today? (आज भी लोग लूसी के बारे में क्या सोचते हैं?)

**Ans.** People think that Lucy is alive even today. (लोग सोचते हैं कि लूसी आज भी जीवित है।)

## Language Skills Mastery

**V. Complete the following words by filling in the missing letters :**

to**w**n, s**n**ow, su**d**den**l**y, n**a**tur**a**l, p**a**r**e**nts, dr**o**wn**e**d, s**ea**rched, sto**r**m.

**VI. Make as many sentences from the following table as you can and write the tense against each sentence in the bracket :**

**Ans.**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | Sanya is singing a song. | (Present Cont. Tense) |
| | Sanya was singing a song. | (Past Cont. Tense) |
| | Sanya will be singing a song. | (Future Cont. Tense) |
| **2.** | Danish is playing tennis. | (Present Cont. Tense) |
| | Danish was playing tennis. | (Past Cont. Tense) |
| | Danish will be playing tennis. | (Future Cont. Tense) |
| **3.** | The teacher is teaching you English. | (Present Cont. Tense) |
| | The teacher was teaching you English. | (Past Cont. Tense) |
| | The teacher will be teaching you English. | (Future Cont. Tense) |

**VII. Put the following words in alphabetical order :**

**Ans.** bridge, cats, child, clouds, dogs, forest, friends, girl, home, hut, Lucy, moon, mother, parents, path, river, stars, teachers, town.

## Skills Practice

**VIII. Now give short answers for the following questions :**

**Ans. 1.** Yes, I am, **2.** Yes, I can, **3.** Yes, they are, **4.** Yes, I have, **5.** Yes, he is.

**IX. Following events took place in the story. But they are not in the order of happenings. Write them in order :**

**Ans.**
1. One morning, Lucy's mother went to the town.
2. She did not return till evening.
3. Lucy went to the town with a lantern in her hand.
4. Lucy was caught in the storm.
5. Her parents started in search of Lucy.
6. They found her nowhere.

7. They saw her footprints on the snow.
8. They reached a bridge over a river.
9. Now they saw no the river.
10. People say Lucy is still alive.

## 11. Judgement Of A King (राजा का न्याय) On Real Mother

### (हिन्दी अनुवाद)

किसी समय इज़राइल में एक बुद्धिमान राजा राज करता था। वह अपनी बुद्धिमानी और न्याय के लिए संसार भर में प्रसिद्ध था। सभी लोग उससे प्यार करते थे और उसका आदर करते थे।

एक दिन जब राजा अपने दरबार में बैठा था, दो महिलाएँ अन्दर आईं और राजा के सामने खड़ी हो गईं। वे सगी बहनें थीं। वे रो रही थीं। इनमें से एक की गोद में बच्चा था। वे बच्चे के लिए आपस में चीख और लड़ रही थीं। दोनों उसी बच्चे की माँ होने का दावा कर रही थीं। वे राजा से न्याय माँग रही थीं। प्रत्येक महिला ने राजा से, बच्चा उसे देने की याचना की।

यह बड़ा कठिन मुकदमा था। सभी दरबारी यह सुनकर आश्चर्यचकित थे। न तो राजा और न अन्य कोई जानता था कि इस समस्या का हल कैसे किया जाये। राजा ने एक मिनट सोचा और फिर उसने पूछा, ''यह बच्चा किसका है? मुझे सच-सच बताओ।''

प्रत्येक ने उत्तर दिया, ''यह मेरा है।''

राजा ने फिर क्रोधित होकर पूछा, ''मैं जानना चाहता हूँ कि यह बच्चा किसका है? यह बच्चा दो माताओं से सम्बन्धित कैसे हो सकता है। मुझे सच-सच बताओ।''

दोनों महिलाओं ने उस बच्चे पर पुन: अपना अधिकार जताया।

राजा ने कहा, ''अच्छा ठीक है, तुम दोनों को बच्चा दिया जायेगा।'' फिर उसने आदमियों से कहा, ''एक तलवार ले आओ। बच्चे के दो टुकड़े कर दो और उनमें से प्रत्येक को एक हिस्सा दे दो।''

लेकिन जैसे ही दरबारी ने बच्चे के दो टुकड़े करने के लिए अपनी तलवार ऊपर उठाई, उन दोनों महिलाओं में से एक महिला चिल्लाई, ''ठहरो, ठहरो ! मेरे बच्चे की हत्या मत मरो। उसे पूरा बच्चा दे दो, परन्तु कृपया मेरे बच्चे को जीवित रहने दो।''

दूसरी महिला एक भी शब्द न बोली। राजा को ज्ञात हो गया कि असली माँ कौन थी। एक असली माँ अपनी बच्चे को अपनी उपस्थिति में ही मार दिया जाना सहन नहीं कर सकती। अत: राजा दूसरी महिला की ओर मुड़ा और कहा, ''मुझे वास्तविकता का पता चल गया है। तुम झूठ बोल रही हो। तुम्हें इस बच्चे से कोई प्यार नहीं है। तुम इसकी माँ नहीं हो सकती हो। तुम झूठ बोल रही थीं। मैं तुम्हें कैद की सजा दूँगा।''

परंतु उसकी बहन बोली, ''हे महाराज ! इसे क्षमा कर दें। वह मेरी बहन है। मैं उससे प्यार करती हूँ और उसके बगैर रह नहीं सकती।'' दरबारियों ने भी राजा से उस पर कृपा करने की प्रार्थना की।

राजा ने उसे क्षमा कर दिया और उससे अपनी बहन और अपने भानजे की बड़े प्यार से देखभाल करने की सलाह दी। दोनों महिलाओं ने राजा को धन्यवाद दिया और दरबार से चली गईं, वे भविष्य में आपस में कभी नहीं लड़ीं।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer (*MCQs*) :**

**Ans. 1.** (a), **2.** (c), **3.** (b), **4.** (b).

**II. Fill in the blanks of the following sentences with the given words :**

**Ans. 1.** two parts, **2.** justice, **3.** bear, **4.** live, **5.** begged.

**III. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Why did the people love and respect the king? (लोग राजा को प्यार और इज्जत क्यों देते थे?)

**Ans.** The people loved and respected the king for his wisdom and justice. (लोग राजा को उसकी बुद्धिमानी और न्याय के लिए प्यार और इज्जत करते थे।)

**Q. 2.** What was the quarrel between the two women? (दोनों महिलाओं के बीच क्या झगड़ा था?)

**Ans.** The quarrel between the two women was about the baby was that both of them were claiming to be its real mother. (दोनों महिलाओं के बीच एक बच्चे के लिए झगड़ा था। दोनों ही उस बच्चे के लिए दावा कर रही थीं।)

**Q. 3.** Why did they come to the king? (वे राजा के पास क्यों आयीं?)

**Ans.** They came to the king to get justice. (वे राजा के पास न्याय पाने के लिए आयीं।)

**Q. 4.** What did the king ask his courtier? (राजा ने दरबारी से क्या कहा?)

**Ans.** The king asked his courtier to cut the baby into two parts and give one part to each of them. (राजा ने दरबारी से बच्चे के दो टुकड़े करने और उनमें से प्रत्येक को एक हिस्सा देने को कहा।)

**Q. 5.** What did the king order the other the women in the end? (अन्त में राजा ने दूसरी महिला को क्या आदेश दिया?)

**Ans.** In the end, the king ordered the other woman to look after her sister and nephew with love in future. (अन्त में राजा ने दूसरी महिला को भविष्य में उसकी बहन और भानजे की बड़े प्यार से देखभाल करने का आदेश दिया।)

**Q. 6.** How did the king come to know about the truth? (राजा को सत्य के बारे में किस प्रकार ज्ञात हुआ?)

**Ans.** The king came to know about the truth, because a real mother cannot bear to have her child killed in her presence. (राजा को सत्य के बारे में ज्ञात हुआ क्योंकि असली माँ अपने बच्चे को अपनी उपस्थिति में ही मार दिया जाना सहन नहीं कर सकती।)

## Language Skills Mastery

**IV. Complete the following words by filling in the missing letters :**

**Ans.** pro<u>b</u>l<u>e</u>m, w**i**sd**o**m, r<u>ea</u>lity, sw<u>or</u>d, f<u>o</u>rgi<u>v</u>e.

**V. Change the following sentences as directed in the brackets :**

**Ans. 1.** He **went** in another aeroplane. **2.** There **is** a wise president in America. **3.** Some children **will weep** there. **4.** The begger **will request** to give him a bread. **5.** He **is** in a hurry.

**VI. Fill in the blanks of each sentence with the verb and the tense given in the brackets :**

**Ans. 1.** shall take; **2.** went; **3.** learns; **4.** is; **5.** played.

## Skills Practice

**VIII. Write what the woman says in the following conversation by choosing the appropriate answers from the box:**

**Man** : Hello!
**Women** : Is it 904551025?
**Man** : Yes, it is.
**Women** : May I speak to Anu, please?
**Man** : I'm sorry, Anu isn't here. May I take a message for her?
**Women** : Please tell her that Saina called.
**Man** : I will inform her.
**Women** : Please ask her to call me tomorrow morning.
**Man** : Please tell me your phone number?
**Women** : It's 9219702365.
**Man** : Goodbye.
**Women** : Thank you, Goodbye.

# 12. The Honey Jar (शहद का बर्तन)

## हिन्दी अनुवाद

किसी समय तुर्की में एक दर्जी रहता था जिसके पास बहुत थोड़ा धन था और वह अमीर बनना चाहता था। उसके पास काले समुद्र के किनारे स्थित अपने छोटे-से बाग में एक पेड़ के नीचे एक झूला था।

एक बार दर्जी सुबह के समय जंगल से कुछ वन्य शहद लाया। आराम करने के लिए वह अपने झूले पर बैठ गया। अमीर कैसे बना जा सकता है, वे विचार उसके मस्तिष्क को मथ डाल रहे थे। उसने जोर से कहा, ''जब मैं अमीर आदमी बन जाऊँगा, मैं शादी करूँगा और मेरा एक बेटा होगा। मेरा बेटा अच्छा बालक बनेगा और चतुर भी होगा। मैं उसे स्कूल भेजूँगा। वह यहाँ का सबसे बड़ा आदमी बनेगा।''

दर्जी विशाल पेड़ के नीचे अपने झूले पर पीछे की ओर झुक गया। उसने इस वन्य शहद की ओर देखा, जो वह उसी सुबह जंगल से लाया था।

उसने कहा, ''शहद आजकल बहुत दुर्लभ है। बाजार में यह बड़े ऊँचे भाव बिकता है। प्रत्येक दिन मैं थोड़ा–सा शहद बचाऊँगा और इसे एक मर्तबान में जमा करूँगा। सप्ताह के अन्त में मेरे पास शहद का एक अच्छा भण्डार हो जायेगा।''

अत: दर्जी ने अपना थोड़ा–सा शहद एक मर्तबान में रखा और उस बर्तन को अपने झूले के ऊपर एक स्थान पर लटका दिया।

प्रत्येक दिन वह थोड़ा–थोड़ा शहद अपने भण्डार अपने डालता जाता था। सपताह के अन्त में मर्तबान में बहुत बड़ी मात्रा में शहद जमा हो गया।

एक बार दर्जी ने शहद के मर्तबान को देखा और कहा, ''जेसे ही यह मर्तबान भर जायेगा, मैं इसे बाजार में ले जाऊँगा। वहाँ में शहद को चाँदी के पाचँ सिक्कों में बेचूँगा। उन पाँच चाँदी के सिक्कों से, मैं दो बकरी खरीदूँगा।''

दर्जी ने अपने शहद के बर्तन पर एक और दृषि डाली।

उसने फिर कहा, ''हाँ, मैं दो बकरियाँ खरीदूँगा। शीघ्र ही मेरे पास बकरियों का एक झुण्ड हो जायेगा। मैं उन्हें बेच दूँगा तथा जमीन और पशु खरीदूँगा। बाद में, मैं एक अच्छा घर बनाऊँगा।''

एक दिन जब दर्जी अपने झूले पर झूलते हुए इन विचारों में मग्न था, वह नीचे झुका और एक ओर फर्श पर पड़े हुए लम्बे डण्डे को उठाया।

इस डण्डे से वह नापने लगा कि कहाँ उसके खेत होंगे और कहाँ वह खलिहान बनायेगा।

उसने कहा, ''यहाँ घर होगा, मैं इसे एक सुन्दर बाग के बीच बनवाऊँगा। बाग फूलों से भरा होगा। पेड़ों के बीच पानी की एक छोटी जलधारा बहेगी।''

अपने झूले में बड़ी सरलता से झूलते हुए, दर्जी कहता गया, ''जैसे ही मैं अपना घर बना लूँगा, मैं शादी करूँगा और मेरे एक पुत्र होगा। यदि मेरा बेटा एक सुशील लड़का होगा, मैं उसे पढ़ने के लिए कान्सटैन्टिनोपल भेजूँगा जहाँ अमीरों के बच्चे पढ़ते हैं। बाद में वह सुल्तान के यहाँ नौकरी करेगा।''

''पर यदि वह बुरा लड़का बनेगा .................।''

यहाँ दर्जी ने अपना डण्डा हवा में ऊँचा उठाया और चिल्लाया, ''यदि वह बुरा लड़का होगा तो देखेगा कि मैं कितना सख्त हो सकता हूँ। वह समझ जायेगा ..................... ।''

दर्जी ने अपना डण्डा हवा में घुमाया, जैसे कि वह अपनी बात को और दृढ़ता से कहना चाहता हो।

डण्डा शहद के मर्तबान पर धमाके से गिर गया। मर्तबान टूट गया और शहद दर्जी के सिर पर आ पड़ा। शहद उसके बालों, आँखों और दाढ़ी में फैल गया।

दर्जी ने अपनी दाढ़ी जोर लगाकर खींची। उसने आँखें पोंछी और गुस्से से कहा, ''हाय, सारा शहद बरबाद हो गया और यह सब हुआ मेरे उस लड़के के कारण।''

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (c), **2.** (a), **3.** (d).

**II. Fill in the blanks :**

**Ans. 1.** honey, **2.** tailor, **3.** flock, **4.** jar, **5.** broken.

**III. Some sentences are divided into two parts, one under 'A' and another under 'B'. Match them and make meaningful sentences :**

**Ans.**

| 'A' | 'B' |
| --- | --- |
| **1.** I shall sell the goats | (e) and buy land and cattle. |
| **2.** The jar was broken | (b) and the honey poured on to the tailor's face. |
| **3.** Everyday I will put a little honey aside | (d) and keep it in a jar. |
| **4.** I shall sell the honey | (e) and will get five pieces of silver. |
| **5.** With the five pieces of silver | (c) I will buy two goats. |

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** What did the tailor wish? (दर्जी क्या चाहता था?)

**Ans.** The tailor wished to be rich so that he could marry and have a son. (दर्जी अमीर होना चाहता था और तब वह शादी करेगा और उसका एक बेटा होगा।)

**Q. 2.** How could the tailor earn money by selling his honey? (दर्जी कैसे धन कमा सकता था?)

Ans. He could earn money by selling wild honey. (वह वन्य शहद को बेचकर धन कमा सकता था।)

**Q. 3.** When did the tailor plan to take the honey to the market? (दर्जी शहद को बाजार कब ले जाना चाहता था?)

**Ans.** He would take the honey to the market as soon as the jar is full. (जैसे ही मर्तबान पूरा भर जाएगा, वह उसे बाजार ले जाएगा।)

**Q. 4.** What did the tailor do with the staff? (दर्जी ने डंडे से क्या किया?)

**Ans.** He raised his staff high in the air and gave a swish with it. (दर्जी ने अपना डंडा हवा में ऊँचा उठाया और घुमाया।)

**Q. 5.** What happened to the honey jar? (शहद के मर्तबान का क्या हुआ?)

**Ans.** The honey jar broke and the honey poured on to the tailor's head, making his hair, eyes and beard sticky. (शहद का मर्तबान टूट गया और शहद दर्जी के सिर आ पड़ा, उसके बालों, आँखों और दाढ़ी में भर गया।)

**Q. 6.** In the story, the tailor lost the honey and he blamed his boy. According to you, what caused this loss? (कहानी में दर्जी ने शहद खो दिया और बेटे को दोषी ठहराया। आपके अनुसार, यह नुकसान किस कारण हुआ?)

**Ans.** Do it yourself. (स्वयं करें।)

## Language Skills Mastery

**V. Complete the spellings of the following words :**

**Ans.** silver, stern, market, indeed, wiped.

**VI. Make a list of at least ten nouns from the lesson you have read :**

**Ans. 1.** tailor, **2.** tree, **3.** goat, **4.** staff, **5.** eyes, **6.** man, **7.** son, **8.** boy, **9.** market, **10.** jar.

**VII. Use the pronouns for the nouns listed above :**

**Ans. 1.** he, **2.** it, **3.** it, **4.** it, **5.** these, **6.** he, **7.** he, **8.** he, **9.** it, **10.** it.

**VIII. Write all the nouns and pronouns listed above in separate groups :**

**Ans. Singular :** tailor, tree, goat, staff, man, son, boy, market, jar, he, it.

**Plural :** eyes, they.

**IX. Make a list of at least ten words in the lesson which say something about something or someone :**

**Ans. 1.** little, **2.** rich, **3.** big, **4.** wild, **5.** great, **6.** good, **7.** large, **8.** full, **9.** fine, **10.** sticky.

## Skills Practice

**X. Now work in pairs. Think of polite ways of asking for something you want someone else to do :**

**Ans. 1.** Could you please speak softly? **2.** Can I borrow your pencil please? **3.** Can I please sit on the swing now?

**XI. Some incidents of this story are given below. Arrange them in order :**

**Ans. 1.** The tailor made a plan to become a great man in the land. **2.** The tailor put some of his honey in a jar and added a little to it everyday. **3.** He would buy two goats and would have a flock of

goats. **4.** He would buy land and build a house. **5.** He would marry and have a son. **6.** If his son was a bad boy, he would beat him. **7.** The tailor took up the staff, struck it at the jar and the jar broke away.

# 13. Do Not Depend On Fortune
# (भाग्य पर निर्भर मत रहो)

## (हिन्दी अनुवाद)

*[विश्व कर्म-प्रधान है। निष्काम कर्म करते रहने वाले ही शान्ति, सुख, शक्ति और सफलता प्राप्त कर सकते हैं। भाग्य कुछ नहीं होता। मनुष्य स्वयं अपना भाग्य-विधाता है।]*

कवि कहता है कि आलसी बनकर बैठे-बठै किसी महान् कार्य करने का इन्तजार करने वाला पुरुष कभी भी कुछ नहीं कर सकता है। छोटा या बड़ा कोई भी कार्य हो, उसे स्वीकार कर लेना चाहिए और उसे करते रहना चाहिए। भाग्य एक आलसी देवी के समान है। वह हमारे पास कभी नहीं आयेगी। उसकी प्रतीक्षा में बैठे रहना मूर्खता और नादानी है। जाओ और किसी भी प्रांगण में कार्य करना प्रारम्भ कर दो। देर मत करो। समय कम है। कार्य ज्यादा है। कार्य करने से मत डरो। उत्साह, विश्वास और साहस के साथ आगे बढ़ो। कार्य की कमी नहीं है। केवल कार्य करने की इच्छा की कमी है। यदि कोई व्यक्ति कुछ करना चाहता है, यदि उसमें कार्य करने की प्रबल इच्छा है, तो उसे कहीं भी कार्य मिल जायेगा।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (c) **2.** (a).

**II. Complete the following sentences with the help of the poem :**

**Ans. 1.** We should not fear to **do and dare**. **2.** We should not stand **idly waiting for some greater work to do**. **3.** We can find a **field** anywhere. **4.** Fortune is a **lazy goddess**. **5. She (Fortune)** will never come to us.

**III. A list of words is given below. Write them in four groups each having words of similar sound. The first word of each group is given as a hint :**

1. **can** : pen, man, ten.
2. **dare** : hare, care, where.
3. **vine** : shine, fine, nine.
4. **fear** : hear, tear, dear.

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** What does the poet ask us not to do? (कवि हमें क्या नहीं करने को कहता है?)

**Ans.** The poet asks us not to stand idly waiting to do some good work. (कवि हमें आलसी बैठकर किसी महान कार्य करने का इन्तजार नहीं करने को कहता है।)

**Q. 2.** How does the poet describe fortune? (कवि भाग्य का किस प्रकार वर्णन करता है?)

**Ans.** The poet describes fortune as a lazy goddess. (कवि भाग्य का वर्णन एक आलसी देवी के रूप में करता है।)

**Q. 3.** Will the fortune come to our help? (क्या भाग्य हमारी सहायता करने आएगा?)

**Ans.** No, the fortune will never help us if we do not work hard. (नहीं, यदि हम कठिन परिश्रम नहीं करते हैं तो वह कभी हमारी सहायता करने नहीं आएगा।)

**Q. 4.** What should we do to perform great work? (हमें महान कार्य करने के लिए क्या करना चाहिए?)

**Ans.** To perform some great work, we should not fear to dare. (महान कार्य करने के लिए हमें उसके करने से नहीं डरना चाहिए।)

**Q. 5.** What is the secret of success? (सफलता की कुंजी क्या है?)

**Ans.** Hard work is the secret of success. (कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।)

## Language Skills Mastery

**VI. Give the opposites of the following words :**

**Ans. 1.** always, **2.** nowhere, **3.** actively, **4.** lesser, **5.** sit, **6.** bad luck, **7.** lose, **8.** more.

**VII. Match the words under 'A' with the words under 'B' and by using the word 'like' make full sentences :**

| Ans. 'A' | 'B' |
|---|---|
| **1.** Her frock was green | (e) grass |
| **2.** Her lips were red | (c) rose |
| **3.** Her hair were black | (d) dark night |
| **4.** Her legs were long | (a) tree |
| **5.** Her face was glowing | (b) the sun |

**Sentences—**

**1.** Her frock was green like the grass.
**2.** Her lips were red like the rose.
**3.** Her hair were black like the dark night.
**4.** Her legs were long like the tree.
**5.** Her face was glowing like the sun.

## Skills Practice

**VIII. Work in pairs. Read the following situations and ask for help :**

**Ans. 1.** Would you help me to do this sum? **2.** Would you help me find the nearest post office? **3.** Please, would you help me find my puppy? **4.** Please, would you help me find the way to the bookshop?

# 14. The Prince Changed Into A Crocodile
## (राजकुमार मगरमच्छ बना)

## हिन्दी अनुवाद

एक समय एक ज्योतिषी रहता था जो बहुत प्रसिद्ध था। एक रात उसने यम को देखा, जिसने उससे कहा कि जब वह गंगा नदी में स्नान कर रहा होगा। वह एक मगरमच्छ के द्वारा निगल लिया जायेगा, अत: वह बहुत चिन्तित और दुखी था। अचानक उसके दिमाग में आया कि वह मारवाड़ चला जाए और गंगा में कभी स्नान न करे। इस तरह, उसे विश्वास था कि वह मृत्यु से बच जायेगा।

अत: शीघ्र ही वह खूबसूरत राज्य मारवाड़ की ओर कूच कर गया।

वह वहाँ कुछ समय रहा। शीघ्र ही यहाँ भी वह लोकप्रिय ज्योतिषी बन गया। उसके द्वार पर हमेशा लोगों की भीड़ लगी रहती थी। उसके पास खाली समय बहुत कम था। वह गरीबों में दाल-रोटी बाँटता था। अत: वे लोग भी उसकी उदारता के लिए उससे प्यार करते थे तथा उसका सम्मान करते थे। अमीर और गरीब दोनों उससे प्यार करते थे। राजा ने भी ज्योतिष में उसकी प्रसिद्धि तथा ज्ञान के बारे में सुना। उसने अपने व्यक्तियों से उसे बुला लाने के लिए कहा। राजा ने उससे ज्योतिष विषय पर अनेक प्रश्न पूछें और उससे वह पूर्ण सन्तुष्ट हो गया। बाद में राजा ने उससे अपने इकलौते पुत्र सुमेर को संस्कृत और ज्योतिष पढ़ाने की प्रार्थना की। ज्योतिषी सहमत हो गया। सब कुछ एक साल तक ठीक-ठाक चलता गया।

एक दिन सुमेर ने ज्योतिषी से अपने साथ हरिद्वार चलने की प्रार्थना गंगा में स्नान करने के लिए की। ज्योतिषी ने राजकुमार से अनेक बहाने बनाये और कहा कि वह उसके साथ नहीं जा पाएगा। मगर वह जिद पर अड़े राजकुमार को मना न पाया। अत: राजा को हस्तक्षेप करना पड़ा और उसने ज्योतिषी को अपने पुत्र के साथ गंगा में स्नान हेतु जाने का आदेश दिया। उसने उन्हें अपने सवश्रेष्ठ घोड़े, सिपाही तथा अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध करा दीं। ज्योतिषी को भविष्यवाणी का बहुत डर था और उसने सोचा कि वह शीघ्र ही मर जायेगा। किसी प्रकार वे अपने लक्ष्य पर पूर्ण सुरक्षित पहुँच गये।

सुमेर ने हरिद्वार की प्राकृतिक छटा का आनन्द लिया। उसने हरियाली से ढके हुए सुन्दर पहाड़ों की प्रशंसा की। उसनें शन्तिमयी ठण्डी समीर तथा गंगा के पारदर्शी मधुर जल की प्रशंसा की। उसने कई मन्दिरों का भ्रमण किया और उनमें देवी-देवताओं की मूर्तियों के दर्शन किये। उसने पुरुष, स्त्रियाँ और बहुरंगी वस्त्र धारण किये बच्चे, विशेष तौर पर इधर-उधर घूमती हुई, प्रकृति की सुन्दरता का आनन्द लेती हुई स्त्रियाँ देखीं।

अब सुमेर ने अपने लोगों को स्नान करने के लिए तैयार हो जाने की आज्ञा दी। परन्तु ज्योतिषी ने उसे बताया कि वह स्नान नहीं करेगा। सुमेर ने उसे स्नान करने के लिए आग्रह किया। काफी वाद-विवाद के बाद ज्योतिषी ने उसे बताया कि उसे नदी में मगरमच्छों से बड़ा डर लगता है, जो उसे निगल सकते हैं। सुमेर ने उससे कहा कि उसे अपने दिमाग में कभी भी ऐसा विचार नहीं लाना चाहिए और उसे सन्तुष्ट करने के लिए वह अपने सिपाहियों को अपने हाथों में नंगी तलवारों को लेकर सतर्क खड़े रहने की आज्ञा दे देगा,

जब स्नान कर रहा होगा। बेचारे ज्योतिषी को सहमत होना पड़ा। सुमेर और ज्योतिषी स्नान करने के लिए गंगा नदी में उतर गये और कुछ ही क्षणों में सुमेर एक मगरमच्छ में बदल गया जिसने फौरन उसे निगल लिया।

''किसी भी तरीके से किसी भी मनुष्य का भाग्य बदला नहीं जा सकता। जो भाग्य में लिखा है वह होकर रहता है।''

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer (*MCQs*) :**

**Ans. 1.** (c), **2.** (a), **3.** (c), **4.** (c), **5.** (c).

**II. Write 'T' for true or 'F' for false against each statement :**

**Ans. 1.** (T), **2.** (F), **3.** (F), **4.** (F), **5.** (T).

**III. Answer the following questions :**

**Q. 1.** What did Yama tell the astrologer? (यम ने ज्योतिषी को क्या बताया?)

**Ans.** Yama told the astrologer that he would be devoured by a crocodile while bathing in the Ganga. (यम ने ज्योतिषी को बताया कि वह एक मगरमच्छ द्वारा निगल लिया जायेगा, जब वह गंगा नदी में स्नान कर रहा होगा।)

**Q. 2.** What did he think of so as to avoid death? (उसने मृत्यु से बचने कि लिए क्या सोचा?)

**Ans.** He thought that he should leave the place and never bathe in the Ganga. (उसने सोचा कि वह, उस स्थान को छोड़ दे तथा गंगा में कभी स्नान न करे।)

**Q. 3.** What did the king request the astrologer for? (राजा ने ज्योतिषी से किसके लिए प्रार्थना की?)

**Ans.** The king requested the astrologer to teach Sanskrit and Astrology to his son. (राजा ने ज्योतिषी से अपने पुत्र को संस्कृत तथा ज्योतिष पढ़ाने की प्रार्थना की।)

**Q. 4.** Who was Sumer and what did he request the astrologer for? (सुमेर, कौन था तथा उसने ज्योतिषी से क्या प्रार्थना की?)

**Ans.** Sumer was the only son of the king, and he requested the astrologer to accompany him to Haridwar for bathing in the Ganga. (सुमेर, राजा का इकलौता पुत्र था तथा उसने ज्योतिषी से गंगा में स्नान करने के लिए अपने साथ हरिद्वार चलने की प्रार्थना की।)

**Q. 5.** What did the prince order his soldiers? (राजकुमार ने अपने सिपाहियों को क्या आदेश दिया?)

**Ans.** The prince ordered his soldiers to be on guard while he would be bathing in the Ganga. (राजकुमार ने अपने सिंपाहियों को सतर्क रहने का आदेश दिया, जब वह गंगा में स्नान कर रहा होगा।)

**Q. 6.** What do you mean by the proveb "What is fated cannot be abated"? (''जो भाग्य में लिखा है वह होकर रहता है।'' इस लोकोक्ति से आप क्या समझते हैं?)

**Ans.** The meaning of the proveb is "What is in your fate cannot be changed". (इस लोकोक्ति का अर्थ है ''जो भी आपके भाग्य में है उसे बदला नहीं जा सकता''।)

**IV. Match the words given under 'A' with their meanings given under 'B' :**

| Ans. 'A' | 'B' |
|---|---|
| **1.** devoured | ate up |
| **2.** altered | changed |
| **3.** dissuade | divert |
| **4.** appreciated | liked |
| **5.** depressed | dejected |

**V. Complete the following words by filling in the missing letters :**

**Ans.** d**e**st**i**nation, ab**a**ted, for**e**cast, av**o**id, s**om**ething.

**VI. Pick out the adjectives in the following sentences :**

**Ans. 1.** hungry; **2.** fat, thin; **3.** wrong; **4.** ripe, yellow; **5.** Careless.

**VII. Make such sentences using the following adjectives :**

**Ans. 1.** The elephant is a big animal. **2.** Atul is a rich man. **3.** Sahara desert is hot. **4.** The mango is sweet fruit. **5.** Sumer is a tall person.

## Skills Practice

**VIII. Help people with ideas. You can choose the ideas from the box. Or, you can give them ideas of your own.**

Ans. **1.** lie down for a while. **2.** take an umbrella. **3.** put on your sweater. **4.** put some sugar in it. **5.** ask father for some money.

**IX. Give your friends some more advice :**

1. Do not get down from a moving school bus.
2. Do not crowd the slide.
3. Do not run in the corridor and on the staircase.
4. Do not go for a swim alone.

# 15. Good Manners (शिष्टाचार)

## हिन्दी अनुवाद

**विनय**—नमस्ते, पापा।

**पिताजी**—नमस्ते विनय। क्या तुम उठ गये?

**विनय**—नमस्ते, मम्मी।

**माँ**—नमस्ते, विनय।

**विनय**—मम्मी, कृपया मुझे एक प्याली चाय दे दो।

**माँ**—विनय क्या तुमने दाँत साफ कर लिये हैं?

**विनय**—हाँ, मम्मी, मैंने साफ कर लिये हैं।
**माँ**—शाबाश, यह रही तुम्हारी चाय।
**विनय**—धन्यवाद, मम्मी।
**विनय**—नमस्ते, सर।
**अध्यापक**—नमस्ते, विनय।
**विनय**—नमस्ते, मैडम।
**अध्यापक**—नमस्ते, विनय। क्या तुम अपनी फीस लाये हो?
**विनय**—खेद है, मैडम। मैं इसे भूल गया हूँ। कृपया आज क्षमा कर दें।

जब आप अपने से बड़ों अथवा अध्यापकों से सुबह मिलें तो हमेशा 'नमस्कार' (गुड मॉर्निंग) कहें। जब आप किसी से कोई चीज माँगे, 'कृपया' कहे और जब आप किसी से कोई वस्तु प्राप्त करें तो 'धन्यवाद' कहें। यदि आपसे कोई गलती हो जाये तो आप हमेशा 'मुझे दु:ख है' (सॉरी) अथवा 'क्षमा करें' कहना न भूलें। अपने बड़ों का हमेशा सम्मान करो, अपने छोटों से सदैव प्यार करो, और सबकी मदद करो। तब तुमसे सभी प्यार करेंगे।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (c), **2.** (b) **3.** (c).

**II. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Who says good morning and to whom? (नमस्ते कौन कहता है और किससे कहता है?)

**Ans.** Vinay says 'good morning' to his father and mother. (विनय अपने माता-पिता को नमस्ते कहता है।)

**Q. 2.** What did Vinay forget to bring? (विनय क्या लाना भूल गया था?)

**Ans.** Vinay forgot to bring his school fees. (विनय अपनी स्कूल फीस लाना भूल गया था।)

**Q. 3.** Where are Vinay's teachers sitting? (विनय के अध्यापक कहाँ बैठे हुए हैं?)

**Ans.** Vinay's teachers are sitting in the accounts office. (वे लेखा कार्यालय में बैठे हुए हैं।?)

**Q. 4.** Why does Vinay say 'sorry' to his teacher? (विपुल अपनी अध्यापिका से 'मुझे दु:ख है' क्यों कहता है?)

**Ans.** He says 'sorry' because he has forgotten to bring his school fees. (वह 'मुझे दु:ख है' कहता है क्योंकि वह अपनी स्कूल फीस लानी भूल गया था।)

**Q. 5.** When will everyone love you? (सभी हमसे कब प्यार करेंगे?)

**Ans.** Everybody will love us when we have good manners. (सभी हमसे प्यार करेंगे जब हम शिष्ट व्यवहार करेंगे।)

## Language Skills Mastery

**III. Put the correct letters in the blacks of the following words :**

sorry, excuse, thank you, please, madam, sir, morning, teeth.

**IV. Fill in the blanks with a, an or the :**

**Ans. 1.** Look at the moon. It is shining brightly. **2.** I don't want an apple. But I can have an orange. **3.** Please give me a cup of tea. **4.** We have a new English teacher. **5.** There are clouds in the sky.

**V. Write below what you will say to your friends/relatives when you meet him at different times :**

**Ans. 1.** Good evening, **2.** Good afternoon, **3.** Good morning, **4.** Good night,

**VI. Under 'A' some occasions are given. Under 'B' are given the words which you say on those occasions two days, match them in correct order :**

**Ans.**

| A | B |
|---|---|
| 1. You want a book from your friend for two days. | (e) Please |
| 2. You meet your elder brother in the morning | (d) Good morning |
| 3. The friend gives you that book. | (b) Thank you |
| 4. You have broken a plate. | (c) Excuse me |
| 5. You could not meet your friend according to your promise. | (a) Sorry |

## Fun Time

**VII. Find the words hidden in these words with the clues in the brackets :**

**1.** CAR **2.** PLUM **3.** HOP **4.** ACHE **5.** RING

# 16. Safety First (पहले सुरक्षा)

## हिन्दी अनुवाद

[यातायात के नियमों के सही पालन से ही समाज में शांति और जीवन में प्रसन्नता आ सकती है। पहले सुरक्षा, फिर कुछ और—इस सिद्धांत को अपनाया जाना चाहिए।]

कवि कहता है कि हमें सड़क पर आगे और पीछे का ध्यान रखकर चलना चाहिए। हमें आगे देखना चाहिए कि क्या हमारे सामने से कोई वाहन आ रहा है। वाहन हमारे कितने पास है? हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि क्या हमारे पीछे से किसी घंटी की आवाज या किसी वाहन के भोंपू की आवाज आ रही है।

यदि कोई वाहन सामने से आ रहा है तो हमें थोड़ी प्रतीक्षा करनी चाहिए। यदि हम जल्दी करेंगे, या भाग पड़ेंगे तो घायल हो सकते हैं, वाहन के नीचे आ सकते हैं।

जब रास्ता बिल्कुल साफ हो, जब सड़क पर कोई गाड़ी आदि समीप न हो, तभी हमें सड़क पार करनी चाहिए। तभी हम सुरक्षित रहेंगे। सड़क के दूसरी ओर ठीक-ठीक पहुँच जायेंगे।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (a), **2.** (b).

**II. Answer the following questions :**

**Q. 1.** What should we see up and down the street? (हमें सड़क पर आगे और पीछे क्या ध्यान रखना चाहिए?)

**Ans.** We should see up and down the street if there is any traffic near us. (हमें सड़क पर आगे और पीछे ध्यान रखना चाहिए कि कोई वाहन हमारे पास तो नहीं है।)

**Q. 2.** What should we listen to on the road? (हमें सड़क पर क्या सुनना चाहिए?)

**Ans.** On the road, we should listen to horn or bell. (हमें सड़क पर भोंपू या घंटी सुननी चाहिए।)

**Q. 3.** When should we cross the road? (हमें कब सड़क पार करनी चाहिए?)

**Ans.** We should cross the road only when the road is clear. There should be no car, motor or any other vehicle near us.

(जब सड़क साफ हो तभी हमें सड़क पार करनी चाहिए। हमारे समीप कोई कार, मोटर या अन्य कोई वाहन नहीं होना चाहिए।)

## Language Skills Mastery

**IV. Some words are given below. Write these words into groups separately as directed :**

**Ans.**

1. **Means of journey on rails :** train.
2. **Means of journey in air :** helicopter, aeroplane.
3. **People :** man, cyclist, boy, girl, students, pilot, conductor, truck-driver, motorist.
4. **Belonging to traffic on road :** bus, cycle, bullock carts, car, truck, scooters, tonga, autorickshaw, three-wheeler.
5. **Animals :** cat, horses, bullocks, pigs, cows.
6. **Means of journey of water :** Ship, boat, submarine.

**V. Fill in the blanks with the following prepositions with the help of pictures given below :**

**Ans. 1.** by, **2.** behind, **3.** under, **4.** on, **5.** in.

## Fun Time

**VII. In the word search find ten different means of transport :**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| C | A | R | T | N | E | C | Y | C | L | E | B |
| T | R | T | R | U | C | K | C | Y | A | L | O |
| C | V | I | R | I | C | K | S | H | A | W | A |
| A | S | C | O | O | T | E | R | C | L | S | T |
| R | C | A | I | R | P | L | A | N | E | H | P |
| R | K | I | C | K | S | H | A | I | E | I | R |
| O | P | S | T | R | A | I | N | H | A | P | W |

**VIII. Find the answer to the following riddle :**

**Ans.** $1 + 1 + (7 \times 7 \times 7 \times 7) = 2 + (2401) = 2403$

# 17. A Wicked Crane (दुष्ट सारस)

## हिन्दी अनुवाद

एक बार किसी तालाब में अनेक मछलियाँ रहती थीं। एक चालाक सारस भी उसी तालाब के समीप रहता था। वह सभी मछलियों को खा जाना चाहता था। परन्तु दुर्भाग्यवश उसे उन्हें पकड़ने का मौका न मिल पाया।

अगले वर्ष सूखा पड़ गया। पूरे साल पानी नहीं बरसा। तालाब सूखने लगा। अन्त में, तालाब में बहुत कम पानी रह गया। यह देखकर, सारस बहुत खुश था।

सारस तालाब के पास गया और मछलियों से बोला, ''प्रिय दोस्तों, मैं आपके लिए बड़ा चिन्तित हूँ। तालाब लगभग सूख चुका है। वर्षा की कोई आशा नहीं है। जब पानी नहीं होगा, आप सभी मर जायेंगे। मैं जानता हँ कि यहाँ दूसरा भी तालाब है। उसमें बहुत पानी है। अत: कृप्या मेरे साथ आओ और अपनी रक्षा करो।''

मछलियों ने कहा, ''क्या आप सच बोल रहे हैं? क्या वास्तव में पानी से भरा कोई अन्य तालाब है? क्या आप हमें वहाँ ले चलेंगे?''

सारस बड़ा चालाक था। उसने कहा, ''हाँ, तुम्हें मुझ पर विश्वास करना चाहिए। मैं तुममें से एक को वहाँ ले चलूँगा। तुम स्वयं चलकर वह तालाब देख सकती हो। तब तुम मुझ पर विश्वास करोगी।'' सभी मछलियाँ सहमत हो गईं। उनमें से एक सारस के साथ गई।

सारस ने उस मछली को तालाब दिखा दिया और उसे वापस ले आया। इस मछली ने अन्य मछलियों को इस सुन्दर तालाब के विषय में बताया। अब सभी मछलियाँ वहाँ जाना चाहती थीं। उन्होंने सारस से वहाँ ले चलने के लिए विनय की। लेकिन सारस ने कहा, ''मैं केवल एक मछली ही एक बार में ले जा सकता हूँ। अत: तुम्हें अपनी बारी के लिए प्रतीक्षा करनी होगी।'' सारी मछलियाँ राजी हो गईं।

सारस ने अपनी चोंच में एक मछली दबाई और इसे लेकर उड़ गया। लेकिन इस बार वह इस मछली को तालाब में नहीं ले गया। वह एक पेड़ के नीचे एक पत्थर पर बैठ गया और उसे खा गया।

इस प्रकार सारस ने सभी मछलियों को एक-एक करके खा लिया। सारस बहुत प्रसन्न था और सोचने लगा, ''मैं कितना चालाक हूँ? मैं बहुत सारी मछलियाँ खा गया।''

अब तालाब में एक भी मछली नहीं बची। अब केवल एक केकड़ा बच गया था। सारस ने केकड़े से कहा, ''क्या तुम भी दूसरे तालाब में जाना चाहते हो?'' केकड़ा भी राजी हो गया।

सारस ने केकड़े को पकड़ने के लिए अपनी चोंच खोल दी। लेकिन केकड़े ने कहा, ''मुझे अपनी चोंच में मत दबाओ, मैं नीचे गिर सकता हूँ। मुझे अपनी गर्दन पकड़ लेने दो।''

सारस तैयार हो गया। केकड़ा और सारस दोनों उसी पत्थर पर पहुँचे। वहाँ पहुँचकर केकड़ा डर गया। उसने पूछा, ''आप यहाँ क्यों बैठ रहे हैं? आप मुझे तालाब पर क्यों नहीं ले चलते हैं? तालाब कहाँ है? आप मेरे साथ क्या करना चाहते हैं?''

सारस हँसा और बोला, ''तुम जानते हो कि मैं एक-एक कर सभी मछलियों को मारकर खा चुका हूँ। अब तुम्हारी बारी है। मैं तुम्हें खाने जा रहा हूँ।''

केकड़ा बोला, ''तुम मुझे नहीं खा सकते। मैं पहले तुम्हें ही मार डालूँगा।'' केकड़े ने अपने दोनों नोकदार पंजे सारस की गर्दन में चुभो दिये। सारस तुरन्त मर गया। इस प्रकार चालाक केकड़े ने दुष्ट सारस को अच्छा सबक सिखाया।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans.** 1. (b), 2. (c), 3. (d), 4. (b), 5. (b).

**II. Write 'T' for true and 'F' for false against each statement :**

**Ans.** 1. True; 2. True; 3. Trie; 4. False; 5. False.

**III. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Where did the fish live? (मछलियाँ कहाँ रहती थीं?)

**Ans.** The fish lived in a pond. (मछलियाँ एक तालाब में रहती थीं।)

**Q. 2.** Where did the crane live? (सारस कहाँ रहता था?)

**Ans.** The crane lived near the pond. (सारस तालाब के समीप रहता था।)

**Q. 3.** What did the crane want? (सारस क्या चाहता था?)

**Ans.** The crane wanted to eat up all the fish. (सारस सारी मछलियाँ खा जाना चाहता था।)

**Q. 4.** Why did the pond begin to dry up? (तालाब क्यों सूखने लगा?)

**Ans.** The pond began to dry up because there was no rain the whole year. (तालाब सूखने लगा क्योंकि पूरे वर्ष कोई बारिश नहीं हुई थी।)

**Q. 5.** What did the crane say to the fish? (सारस ने मछलियों से क्या कहा?)

**Ans.** The crane said to the fish, "This pond is almost dried up. I know there is another pond full of water. Please come with

me and save yourself." (सारस ने मछलियों से कहा, "यह तालाब लगभग सूख चुका है। मैं पानी से भरे हुए एक दूसरे तालाब को जानता हूँ। कृपया मेरे साथ आओ और अपनी रक्षा करो।)

**Q. 6.** Did the fish agree with the crane? (क्या मछलियाँ, सारस के साथ सहमत हुईं?)

**Ans.** Yes, they did agree with the crane. (हाँ, वे सारस के साथ सहमत हुईं।)

**Q. 7.** How many fish went with the crane in the beginning? (कितनी मछलियाँ शुरुआत में सारस के साथ गईं?)

**Ans.** In the beginning only one fish went with the crane. (केवल एक मछली शुरुआत में सारस के साथ गई।)

**Q. 8.** What did the crane do with the fish? (सारस ने मछलियों के साथ क्या किया?)

**Ans.** The crane ate up all the fish one by one. (सारस ने सभी मछलियों को एक-एक करके खा लिया।)

**Q. 9.** How did the crab go with the crane? (केकड़ा किस प्रकार सारस के साथ गया?)

**Ans.** The crab held on to the crane's neck and went with him. (केकड़े ने सारस की गर्दन पकड़ ली और उसके साथ चला गया।)

**Q. 10.** How did the crab teach a lesson to the wicked crane? (केकड़े ने दुष्ट सारस को किस प्रकार सबक सिखाया?)

**Ans.** The crab killed the wicked crane. (केकड़े ने दुष्ट सारस को मार दिया।)

## Language Skills Mastery

**IV. Pick out the verbs in the following sentences :**

**Ans.** 1. swim, 2. bark, 3. is writing, 4. crows, 5. are playing.

**V. Find out the nouns in the above sentences and write them separately in the columns :**

Ans.

| Singular | Plural |
|---|---|
| dog | dogs |
| boy | children |
| mother | dogs |
| father | strangers |
| cock | rivers |
| letter | fathers |
| river | letters |

## Skills Practice

**VI. Now work in pairs to ask questions and answer them. You may ask these questions :**

**Ans. 1.** Wood is lighter than iron. **2.** A banana is thicker than a pen. **3.** A building is taller than a hut. **4.** An elephant is bigger than a tiger.

## 18. A Football Match (फुटबाल मैच)

### हिन्दी अनुवाद

खेल विद्यार्थियों के लिए बहुत आवश्यक है। वे उन्हें चुस्त और स्वस्थ बनाते हैं। अत: प्रत्येक विद्यालय में विभिन्न खेल खेले जाते हैं। बहुत-से विद्यार्थी उनमें बड़ी दिलचस्पी लेते हैं। वे बहुत-से मैच भी खेलते हैं। खेल विद्यार्थियों में सहयोग की भावना का विकास करते हैं।

हमारे स्कूल ने भी एक फुटबाल मैच का आयोजन किया। कक्षा तीन और चार के विद्यार्थियों का खेल के लिए चुनाव किया गया। कक्षा तीन की टीम का नाम टीम-ए रखा गया और कक्षा चार की टीम का नाम टीम-बी रखा गया। टीम-ए का कप्तान सिद्धार्थ था और टीम-बी का कप्तान विराट था। श्री वर्मा रेफरी (निर्णायक) थे।

टीम-ए ने लाल कमीज और सफेद नेकर पहन रखी थी। टीम-बी ने भूरी कमीज और लाल नेकर पहन रखी थी।

शनिवार का दिन था। अनेक लड़के और लड़कियाँ मैच देखने के लिए आये थे। ठीक चार बजे सायं दोनों टीमें मैदान के मध्य आ गईं। कप्तानों ने हाथ मिलाया। रेफरी ने सीटी बजाई और खेल प्रारम्भ हो गया।

दोनों टीमों ने बहुत बढ़िया खेला। गेंद इस तरफ से उस तरफ तक घूमती रही। टीम-ए ने कुछ अच्छे पास दिये परन्तु वे कोई गोल न कर पाये। टीम-बी सुरक्षात्मक खेल खेल रही थी।

मध्यान्तर के बाद, टीम-बी ने गोल दाग दिया। सारा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट और खुशी से झूम उठा।

कुछ समय के बाद, टीम-ए ने कुछ अच्छे पासों के द्वारा धावा बोला। इस बार, उन्होंने एक गोल कर दिया। फिर सारा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट और जय-जयकार से गूँज उठा।

अब टीम-बी ने एक और गोल करने का प्रयास किया। इसी बीच निर्णयक ने सीटी बजा दी और मैच समाप्त हो गया।

दोनों टीमें एक-एक गोल बनाकर बराबरी पर थीं। प्रधानाध्यापक ने खिलाड़ियों को उनके अच्छे खेल के लिए बधाई दी।

### Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (b), **2.** (c), **3.** (a), **4.** (b), **5.** (c).

**II. Fill in the blanks with the given words :**

**Ans. 1.** one goal; **2.** to play; **3.** school; **4.** shook; **5.** congratulated.

**III. Few sentences are divided into two parts. One part is given under 'A' and another under under 'B'. But they are not in order. Match them to make meaningful sentences :**

| **Ans. A** | **B** |
|---|---|
| 1. The principal | (b) congratulated the players. |
| 2. The referee | (a) blew the whistle |
| 3. Team A | (d) hit back and scored a good |
| 4. Games | (c) develop team spirit among the students. |
| 5. The captains | (e) shook their hands. |

**IV. Answer the following questions :**

**Q. 1.** Which match was played in the school? (स्कूल में कौन-सा मैच खेला गया था?)

**Ans.** A football match was played in the school. (स्कूल में फुटबाल का मैच खेला गया था।)

**Q. 2.** Who were the captains and the referee? (कप्तान और रेफरी कौन थे?)

**Ans.** Siddhartha was the captain of team A while Virat was the captain of team B. Mr. Verma was the referee. (टीम-ए का कप्तान सिद्धार्थ था तथा टीम-बी का कप्तान विराट था श्री वर्मा रेफरी थे।)

**Q. 3.** When was the match played? (मैच कब खेला गया था?)

**Ans.** The match was played on Saturday at 4 p.m. (मैच शनिवार को सायं चार बजे खेला गया था।)

**Q. 4.** Which team scored the first goal? (किस टीम ने पहला गोल किया?)

**Ans.** Team-B scored the first goal. (टीम-बी ने पहला गोल किया।)

**Q. 5.** What was the result of the match? (मैच का परिणाम क्या था?)

**Ans.** Both the teams were equal and scored one goal each. (दोनों टीमें बराबरी पर थीं तथा प्रत्येक ने एक-एक गोल किया।)

**Q. 6.** What did the principal do and why? (प्रिंसिपल ने क्या किया और क्यों?)

**Ans.** The principal congratulated the players on playing well. (प्रिंसिपल ने अच्दे खेल के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी।))

**Q. 7.** Why are games necessary for students? (खेल विद्यार्थियों के लिए आवश्यक क्यों हैं?)

**Ans.** The games are necessary for students as they make them active and healthy. (खेल विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हैं क्यों वे उन्हें चुस्त और स्वस्थ बनाते हैं।)

## Language Skills Mastery

**V. Put the correct letters in the gaps of following words :**

**Ans.** m**i**ddl**e**, score, s**e**l**e**ct, cheering, sh**oo**k,.

**VI. Pick out the nouns in the following sentences :**

**Ans. Noun : 1.** police, crowd, **2.** birds, sky, **3.** boy, book, **4.** Red Fort, Delhi, **5.** air, **6.** teacher, girl, **7.** lesson. **8.** grapes, **9.** Mumbai, city, **10.** Aryan, letter.

**Make a table in your exercise book as given below. You have the nouns in the above sentences. Put them in different columns in the table:**

**Ans.**

| Persons | Animals | Places | Things |
|---|---|---|---|
| boy<br>Aryan<br>teacher<br>girl<br>police<br>crowd | birds | Delhi<br>Mumbai<br>city | book<br>letter<br>Red Fort<br>Air<br>grapes<br>sky<br>lesson |

## Skills Practice

**VII. Read the following situations and choose the suitable words :**

1. Hurrah! 2. I am sorry! 3. Thank You. 4. How sad!

## Fun Time

**VIII. Rearrange the letters to form names of some games :**

**1.** cricket. **2.** football; **3.** hockey; **4.** volleyball; **5.** kabaddi; **6.** badminton.

# 19 Little Things (छोटी वस्तुएँ)

## हिन्दी अनुवाद

*[जीवन में छोटी-छोटी चीजों का बड़ा महत्त्व होता है। इनका कभी निरादर नहीं करना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर ही महानता के उच्चतम् शिखर पर पहुँचा जा सकता है।]*

कवि कहता है कि पानी की छोटी-छोटी बूँदें एक विशाल और शक्तिशाली समुद्र का निर्माण कर देती हैं। मिट्टी के छोटे-छोटे कण बड़े-बड़े खेतों का निर्माण कर देते हैं। छोटी-छोटी चीजों से मिलकर ही बड़ी चीजें बनती हैं।

भलाई के छोटे-छोटे कार्य, प्रेम के दो मीठे शब्द इस पृथ्वी को स्वर्ग बना देते हैं; खुशी, शान्ति और सुन्दरता से भर देते हैं।

## Reading Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer *(MCQs)* :**

**Ans. 1.** (b), **2.**(b).

**II. Complete the following sentences :**

**Ans. 1.** Little deeds of **kindness make** our life full of pleasure. **2.** Little drops of water make **a mighty ocean. 3.** Little words of **love** make this earth a **heaven**. **4. Little grains of sand** make a pleasant land.

**III. Ans the following questions :**

**Q. 1.** Is there any importance of minute things in this world? (क्या इस संसार में छोटी-छोटी चीजों का महत्त्व है?)

**Ans.** Minute things are very important in our lives because they only make big things. (हमारे जीवन में छोटी-छोटी चीजों का बहुत महत्त्व है क्योंकि वे ही बड़ी चीजों का निर्माण करती हैं।)

**Q. 2.** What do drops of water make ? (पानी की बूँदें क्या बनाती हैं)

**Ans.** The drops of water make a big ocean. (पानी की बूँदें एक शक्तिशाली समुद्र बनाती हैं।?)

**Q. 3.** How is the land made pleasant? (धरती (खेत) किस प्रकार सुन्दर बनती हैं?)

**Ans.** The land is made pleasant by little grains of sand.[(धरती (खेत) मिट्टी के छोटे-छोटे कणों से सुन्दर बनती हैं।)])

**Q. 4.** How can you make your life joyful? (तुम किस प्रकार अपने जीवन को आनन्दित बना सकते हो?)

**Ans.** We can make our life joyful by doing little acts of love and kindness. (भलाई के छाटे-छोटे कार्य तथा प्रेम के दो मीठे शब्दों के द्वारा हम अपने जीवन को आनन्दित बना सकते हैं।)

**Q. 5.** What is the earth compared to in this poem? (इस कविता में पृथ्वी की तुलना किससे की जाती है?)

**Ans.** In this poem, the earth is compared to heaven. (पृथ्वी की तुलना स्वर्ग से की जाती है।)

**Q. 6.** What lesson do you learn from this poem? (आपको इस कविता से क्या शिक्षा मिलती है?)

**Ans.** The poem teaches us that even little things have great importance. Our little acts of kindness can do a lot of good to others. (यह कविता हमें सिखती है कि छोटी-छोटी चीजों का भी बड़ा महत्त्व है। हमारे भलाई के छोटे-छोटे कार्य लोगों का भला (अच्छा)कर सकते हैं।)

## Language Skills Mastery

**V. Give the opposites of the following words :**

**Ans. 1.** untidy 2. unwell 3. unpack 4. disobey 5. disagree 6. noise.

**VI. The words given below occur in this poem. But their spellings are wrong. Correct the spellings and rewrite the words :**

**Ans. 1.** ocean, **2.** pleasant, **3.** above. **4.** heaven, **5.** mighty.

**VII. Complete these sentences by adding's (apostrophe s) to the word in colour. One has been done for you :**

**1. elephants 2. old man's, 3. girls, 4. lion's**

## Skills Practice

**VIII. Read the following situations and use suitable words of appreciation :**

**Ans. 1.** Well done! **2.** Wonderful! **3.** Congratulations!

**IX. Use the following words in your own sentences :**

**Ans.**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Pleasure** : | Everyone wants **pleasure** in life. |
| 2. | **Kind** : | We should do **kind** deeds. |
| 3. | **Little** : | **Little** things too have great value. |
| 4. | **Love** : | We should **love** all. |
| 5. | **Heaven** : | If we do noble deeds and love all, we can make our earth **heaven**. |